e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 44

सुविचार
मदद करने के लिए सिर्फ धन की जरूरत नहीं होती है, उसके लिए एक अच्छे मन की जरूरत होती है।

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
14.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### जमीनी विवाद में 7 घायल

**मधुपुर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में संपत्ति विवाद को लेकर हुई दो पक्षों में मारपीट की घटना को लेकर 7 लोग घायल हो। थाना पहुंचने पर पुलिस ने घायल नजरुल अंसारी,इमामूल अंसारी , इस्माइल, फिरोज, उमर खताब, रिजायाउल, और वाहिद अंसारी को ईलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भेजा ! यहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल नजरुल को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु देवघर भेज दिया है वहीं इस मामले में सभी घायलों को चिकित्सकों ने इलाज किया । दोनों तरफ से थाना में अलग-अलग आवेदन देकर घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया है । पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । पुलिस ने बताया कि वर्षों से जमीन के बात दोनों पक्षों के बीच चल रहा है । मामला न्यायालय में लंबित है। इसके बाद भी दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और घटना को अंजाम दिया है । पुलिस मामले की पड़ताल कर रहे हैं!

### सडक दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौत, दो घायल

**कोडरमा** : चंदवारा थाना अंतर्गत जोंगी पुल के पास एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कार सवार चार व्यक्ति में दो व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में दो अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। मृतक की पहचान वीरेंद्र यादव ( 50 ) और त्रिलोकी गोप (46) के रूप में हुई। जबकि घायलों में उपेंद्र यादव और गणेश यादव शामिल हैं, जिन्हें हल्की चोट है। सभी ग्राम पेतुला चौपारण हजारीबाग के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 10.30 बजे अपनी कार से चार लोग कोडरमा रिश्ता के लिए आए थे। रिश्ते की बात करके वापस घर लौटने के क्रम में जोंगी पुल के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। इसमें दो लोगों की सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई जबकि दो का इलाज चल रहा है। अस्पताल पहुंचते ही वीरेंद्र यादव और त्रिलोकी महतो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस मिलने के बाद सोमवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### सिक्किम से अफगानिस्तान तक भूकंप से हिली धरती

**गंगटोक** : सिक्किम के युकसोम शहर में आज (सोमवार) तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा है कि सुबह करीब 4:15 बजे भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 रही। इस केंद्र के मुताबिक यह भूकंप युकसोम से 70 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में जमीन पर 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप में किसी जान माल के नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक इससे पहले रविवार दोपहर असम के नागौन में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### खतियानी जोहार यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे चतरा, कहा

# राज्य के मूलवासी-आदिवासी को मिल रहा है उनका हक-अधिकार

## सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से लोग हो रहे लाभान्वित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा** : झारखंड वीर-शहीदों की धरती रही है। अलग राज्य प्राप्त करने में अनेकों लोगों ने अपना सर्वस्व दिया है। झारखंड के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए यहां के मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, इनका मुख्य उद्देश्य यहां के मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय को उनका हक तथा अधिकार देना था। बहुत लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 2000 में झारखंड राज्य अलग हुआ, परंतु 20 वर्ष के बाद भी आज हमारा राज्य विकास के पैमानों में पिछड़ा क्यों रह गया है? आखिर कमी कहां रह गई? हमारी सरकार इस चिंतन के साथ राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर दिशा देने का कार्य निरंतर कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चतरा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के किसानों की आय को बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमारी सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं लागू की है। पशुधन योजना से भी राज्य सरकार किसानों को लाभ पहुंचा रही है। किसानों की आय में वृद्धि हो इस निमित्त कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### सरकार के निर्णयों से राज्य की जनता खुश

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों से राज्य की जनता में खुशी है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक एवं सरकारी कर्मचारियों को हमारी सरकार ने उनका हक और अधिकार देने का काम किया है। राज्य की जनता ने सरकार के फैसलों का जोरदार स्वागत किया है।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा उपायुक्त अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एवं चतरा के जिले के कई वरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### गरीब, असहाय तथा जरूरतमंद लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में अनेकों योजनाएं बनाई है। इन योजनाओं के माध्यम से राज्य के लोगों को लाभ मिल रहा है। हमारी बच्चियों की पढ़ाई पूरी हो सके इसके लिए राज्य में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरुआत की गई है। उच्चतर शिक्षा के लिए हमारी सरकार ऋण दे रही है जिसका लाभ उठाकर आप अपने बच्चों के भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के जनता हुए लाभान्वित

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी गांव-गांव, पंचायत-पंचायत जाकर शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया। पहले लोगों को प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता था जबकि आज सरकार खुद आम लोगों के द्वार तक पहुंची है।

## लोहरदगा पुलिस के हत्थे चढ़े पीएलएफआई के तीन उग्रवादी



**लोहरदगा** : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक सुत्ली बम, तीन बाईक और दो मोबाईल बरामद हुए है। इस संबंध में एसपी आर रामकुमार ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा निवासी प्रवीण कुमार उर्फ दिलीप (26), कैरो थाना क्षेत्र के चेरिमा गांव निवासी रामप्रवेश कुमार सिंह (21) और रांची जिले के नरकोपी थाना अंतर्गत करगे गांव निवासी सुनील कुमार साहू उर्फ मनोज (20) शामिल है। उग्रवादियों के पास से पुलिस ने विस्फोटक सामाग्री बरामद की है। इनमें एक सुतली बम, एक काला रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल, एक काला नारंगी रंग की बिना नंबर प्लेट की केटीएम मोटरसाइकिल, एक आसमानी काला रंग की पल्सर टू 20 मोटरसाइकिल,एक विवो कंपनी का टचस्क्रीन मोबाइल, एक रियलमी कंपनी का टचस्क्रीन मोबाइल शामिल हैं।

# सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो के बेटे ने की आत्महत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : बरियातू इलाके में सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के बेटे विवेक कुमार महतो ( 28) ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने आज सुबह दम तोड़ दिया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। बेटे की आत्महत्या की खबर सुनते ही विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी की तबीयत और बिगड़ गई है। जानकारी के अनुसार विधायक का बेटा इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर जनरल कंपटीशन की तैयारी कर रहा था। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है। विधायक इंद्रजीत महतो की तीन संतान हैं। इनमें दो बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा विवेक कुमार महतो बीटेक की पढ़ाई करने के बाद एमटेक करना चाह रहा था। इसके लिए वह गेट की तैयारी दिल्ली में रहकर कर रहा था। वह अपने किसी नजदीकी दोस्त के यहां मूरी आया हुआ था। उसी दौरान कल रविवार की सुबह करीब दस बजे विवेक कुमार महतो ने जहर खा लिया था। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद विवेक को सिल्ली के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद देर शाम मेडिका अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

हालांकि सुबह उसने दम तोड़ दिया है। पोस्टमार्टम होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए विवेक कुमार महतो के शव को बलियापुर ले जाया जाएगा। घटना की खबर मिलते ही गोमिया विधायक लंबोदर महतो मेडिका अस्पताल पहुंचे और परिवार वालों ढांढस दिया। उल्लेखनीय है कि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं और उनका इलाज हैदराबाद में चल रहा है।

# बेंगलुरु का आसमान नए भारत की सैन्य शक्ति का गवाह : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के उद्घाटन दिवस पर कहा कि बेंगलुरु का आसमान नए भारत की सैन्य शक्ति का गवाह बन रहा है। बेंगलुरु का आसमान इस बात की गवाही दे रहा है कि नई ऊंचाइयां नए भारत की सच्चाई है। आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उनसे आगे निकल भी रहा है। एक समय था जब इसे सिर्फ एक शो माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया



पवेलियन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग 100 देशों की उपस्थिति दर्शाती है कि दुनिया का भारत पर भरोसा कई गुना बढ़ गया है। इस प्रदर्शनी में भारत और दुनिया के 700 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। एयरो इंडिया एक नए भारत के नए दृष्टिकोण को दर्शाता है। एक समय था जब इसे सिर्फ एक शो माना जाता था। पिछले कुछ वर्षों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ शो नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन भी है। यह भारतीय रक्षा उद्योग के दायरे और हमारे आत्मविश्वास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। हम रिफॉर्म्स के रास्ते पर हर सेक्टर में क्रांति ला रहे हैं। जो देश दशकों से सबसे बड़ा डिफेंस इंपोर्टर था, वो अब दुनिया के 75 देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से देश के रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अपने तकनीकी कौशल का उपयोग करने की भी अपील की। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करें, इसका उपयोग देश के रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने और नए नवाचारों को खोलने के लिए करें।



# महाशिवरात्री के अवसर पर विश्रामपुर में निकलेगा भोले बाबा का शाही बारात

## पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के संरक्षण में होगा सभी कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** महाशिवरात्री पर्व के अवसर पर बिश्रामपुर में भोले बाबा का शाही बारात निकलेगा। इसके अलावा भी कई मांगलिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान व विशेष पूजा अर्चना आयोजित किया गया है.इसकी जानकारी आरटीआई के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के संरक्षक मंडली ने दी.आयोजन समिति के संरक्षक डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि भोले बाबा की शाही बारात आगामी 18 फरवरी को पंचमुखी मंदिर से निकलेगा और छिपादोहर स्थित पहाड़ी मंदिर जायेगा.जहां बारात का स्वागत भक्तों द्वारा किया जायेगा। इसके अलावा 18 फरवरी को ही रुद्र महाकाल ग्रुप द्वारा भव्य झांकी भी निकाला जायेगा.उसी दिन शाम तीन बजे से महाप्रसाद का वितरण होगा। इसके अलावा शाम चार बजे से शाम के छः बजे तक दिव्य शिव चर्चा होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के संरक्षण में होगा सभी कार्यक्रम आगामी 18 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के संरक्षण में संपन्न होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एक कमेटी का भी गठन किया गया है.आयोजन समिति का प्रधान संरक्षक विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को बनाया गया है। वहीं भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को संरक्षक बनाया गया है। संरक्षक मंडली में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय को भी रखा गया है। वहीं विधायक प्रतिनिधि पंडित राजन पांडेय को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेस तिवारी, पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, उंटारी मंडल अध्यक्ष शुशील ठाकुर व नावा बाजार मंडल अध्यक्ष महावीर यादव को उपाध्यक्ष चुना गया है.जबकि पंकज कुमार लाल,सुनील कुमार चौधरी,मनीष कुमार व अमितेश्वर दयाल को सचिव बनाया गया है.कोषाध्यक्ष विजय कुमार रवि व गोपाल सोनी को बनाया गया है.सभी स्थानीय पत्रकारों को कमेटी का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा 151 लोगो को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। जिसमे दिलीप चंद्रवंशी, राजेश मार्शल, विनोद विश्वकर्मा, राजन मिश्रा, शशि चंद्रवंशी, आगम दास, उखमजी यादव आदि को रखा गया है।

# यादव महासभा के जिला अध्यक्ष ने मृतक की पत्नी को दिया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखण्ड के घघरी पंचायत अंतर्गत झुनका गांव निवासी अपने मा बाप का इकलौता घर का कमाउ बेटा योगेंद्र यादव का शव महाराष्ट्र से वापस झुनका गांव लाने के लिए एक अत्यंत ही गरीब निर्धन पिता ने पांच कठा जमीन सत्तर हजार मे बेच कर एंबुलेंस का किराया चुकता कर बेटे का शव घर लाया था।इस संबंध में रविवार को यादव महासभा की बैठक में प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव धुरकी में सभा कर मृतक के परिवार को आर्थिक सहयोग दिया।इस संबंध में अध्यक्ष ने बताया कि यह एक बड़ी घटना है। घघरी के पंचायत के झुनका गांव में जो पिता अपने बेटे के शव को लाने के लिए जमीन बेच कर एम्बुलेंस को किराया दिया है बहुत ही दुःख की बात है। उन्होंने ने सभी यादव समाज के साथ मृतक के घर पहुच कर मृतक के परिवार के साथ मुलाकात कर सहन सक्ति रखने की बात कही उन्होंने मृतक 35 वर्षीय योगेंद्र यादव के पत्नी व बेटो को 5051 रुपये का सयोग राशि भी दिया और उन्होंने कहा कि ये बात बहुत ही दुःख की है कि शव को लाने के लिये पिता ने जमीन बेच कर एम्बुलेंस का किराया चुकाया है। इस बिषय पर उन्होंने कहा कि वो पैसा मेरे राज्य सरकार के पास रहता है ऐसा घटना में राज्य सरकार मदद करती है और उन्होंने ने जिला में बात भी किया और उनका लाभ दिलाने की बात कही।

# भूमि विवाद मामले में प्रशासन से न्यायोचित कार्रवाई करने का किया मांग



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अररुआ खुर्द निवासी भोला सिंह व महावीर मेहता ने भूमि विवाद मामले में प्रशासन से न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की है। भोला सिंह ने बताया कि अररुआ खुर्द मौजा में उनके पूर्वज के नाम पुराना खाता संख्या 80, प्लॉट 266, 267 व 268रकबा 76 डिसमिल नया खाता संख्या 208 प्लॉट 245, 324 में 61 डिसमिल जमीन है। उनके एक पट्टीदार नावल्द रामस्वरूप सिंह के निधन के बाद फर्जी तरीके से जमीन का केवाला कराया गया है। मामला न्यायालय में केस संख्या 4/ 2009 के तहत लंबित है। किंतु फर्जी केवालेदार जबरन तरीके से उनके पूर्वज की भूमि को हड़पना चाहते हैं। वहीं महावीर मेहता ने बताया कि उन्होंने खतियानी रैयत स्व चलितर सिंह की पत्नी शिवदुलारी कुंवर से जमीन खरीदगी की है। जिसपर उनका वर्षो से दखल कब्जा है। बावजूद फर्जी केवालेदारों के द्वारा उन्हें डराया धमकाया जा रहा है जिससे वह काफी आहत हैं। मामले में भोला सिंह व महावीर मेहता ने प्रशासन से जांचोपरांत उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ बासुदेव राय ने कहा कि उक्त भूमि विवाद मामले में दोनों पक्षों को बुलाया गया है। जमीन संबंधी कागजातों के जांच के साथ ही न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टीडीएम कॉलेज में बजट पर चर्चा कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजयुमो श्री बंशीधर नगर के मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह की अध्यक्षता में टीडीएम कॉलेज में बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि मोदी सरकार का अमृत बजट जनहित में लाया गया बजट है केन्द्र सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखते हुए अमृत बजट बनाया गया है।महिलाओं के लिए बजट में प्रावधान किया है। इससे देश को काफी लाभ होगा। मोदी सरकार ने युवाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता धनंजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने जन कल्याण -कारी बजट बनाया है। इससे आम जनता को काफी लाभ होगा। बजट में आम आदमी का विशेष ख्याल रखा गया है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जनभावना के अनुरूप अमृत बजट बनाया है। बजट में शिक्षा चिकित्सा सहीत हर क्षेत्र वर्ग का ख्याल रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र दीक्षित ने किया। एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान ने किया। ग्रामीण एवं शहरी मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं आशुतोष पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष विकास कुमार पांणडेय, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, मंडल महामंत्री राहुल देव पाल ,मंडल महामंत्री धर्मदेव यादव, मंडल मंत्री मनोज बारी, सुरेंद्र राम, संदीप चंद्रवंशी, उमेश पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता नज़ीर बना जिला के लिए प्रति सप्ताह होनेवाले विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जो प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया में सुर्खियों में रहते हैं, उससे प्रभावित होकर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह अपने व्यस्ततम प्रोग्राम के बावजूद बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय परिसर में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के लड़कियों ने उनके सम्मान में स्वागत गीत गाया, तत्पश्चात तीन चक्र लड़कों एवं लड़कियों के बीच सामान्य ज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मामूली अंकों से लड़कों ने जीत हासिल की। प्रश्नकर्ता शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, स्कोर बोर्ड पर शिक्षिका सुषमा पांडेय थी। लड़कों में अमरेश कुमार, पप्पू कुमार,, रुद्राक्ष व लड़कियों में सानिया खातून, खुशी कुमारी, शालिनी कुमारी, मुस्कान कुमारी मुखर थीं। अंत में विजेता व उपविजेता को उनके करकमलों द्वारा प्राइज दिया गया। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने विद्यालय की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मौके पर श्री सिंह ने विद्यालय परिसर में जलमीनार, बाउन्ड्री वाल बनाने की घोषणा की। अंत में शिक्षक जुबैर अंसारी द्वारा धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों में पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश, जीएस चौबे उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद में चला सघन चेकिंग अभियान आधा दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन जप्त

# व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने स्थानीय स्तर पर चालान काटने की व्यवस्था करने के लिया किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पलामू एसपी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर हुसैनाबाद पुलिस के द्वारा लगातार शहर के पटेल चौक व जेपी चौक के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को वाहन चेकिंग में पुलिस ने नौ बाइक को जब्त किया।इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। वाहन चालक को हेलमेट व सभी आवश्यक कागजात रखना आवश्यक है। उन्होंने दो पहिया पर दो ही सवारी चलने सहित वाहनों से संबधित सभी कागजात लेकर चलने के प्रति लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि नियमो का उल्लंघन किये जाने पर विभिन्न कारणों पर विभागीय दंड शुल्क का निर्धारण किया गया है। जिसमें हेलमेट, प्रदूषण, बीमा नहीं रहने व दो पहिया पर ट्रिपल सवारी करने पर एक हजार रुपये, वाहनों के लाईसेंस व फिटनेस नहीं रहने व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करते पाये जाने पर पांच हजार रुपये का दंड शुल्क भरना होगा। शराब पीकर वाहन चलाने, आपात कालीन वाहनों को रास्ता नहीं देने व बिना परमिट के वाहन पकड़े जाने पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। उन्होंने कहा कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमो का पालन करने की अपील की है। हुसैनाबाद ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने वाहन चेकिंग अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस यातायात नियमो का पालन कराने का प्रयास कर रही है जो सड़क सुरक्षा को लेकर सराहनीय कदम है। मगर सरकार व वरीय पदाधिकारी को वाहन चालकों की समस्या के प्रति भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस यातायात नियमो का पालन कराने का प्रयास कर रही है जो सड़क सुरक्षा को लेकर सराहनीय कदम है। मगर सरकार व वरीय पदाधिकारी को वाहन चालकों की समस्या के प्रति भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमो में एक निर्धारित फाइन का प्रावधान है।

# अवैध शराब पर लगनी चाहिए पाबंदी : लालबहादुर



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर पूर्णत पाबंदी लगना चाहिए .यह बात बताते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य लाल बहादुर सिंह ने कहां की प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों जगह कुदरा शराब विक्रेता अवैध शराब निर्माण कर धड़ल्ले से बिक्री कर रहे हैं। शराबी शराब का सेवन कर सामाजिक माहौल के साथ-साथ परिवारिक माहौल भी खराब करते हैं। इस पर अंकुश लगना अति आवश्यक है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रशासन अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाते रहती है। जिसमें अनेकों जगह सफलता भी प्राप्त हुआ है एवं यह अभियान निरंतर इसी प्रकार चलता रहेगा। खुदरा शराब बिक्री की जानकारी थाना प्रशासन को नहीं है। यदि किसी व्यक्ति को लगता है अमुक जगह अवैध शराब का निर्माण तथा बिक्री हो रहा है तो प्रशासन को जानकारी अविलंब दे। प्रशासन के द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श शादी को लेकर की गई बैठक

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरसली दक्षिणी पंचायत अंतर्गत दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आगामी 10 मार्च 2023 को होने वाली आदर्श विवाह समारोह को लेकर चेरवाड़ीह स्थित देवी धाम के प्रांगण में भाजपा मडंल अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधी सोनाकिशोर यादव की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक की गई। आदर्श विवाह समारोह में विभिन्न क्षेत्रो से पांच गरीब असहाय लड़कियों की सामूहिक कराई जायेगी। इसकी सफल आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, सचिव सकील अंसारी, कोषाध्यक्ष विजय यादव, संयोजक लालबिहारी यादव तथा सरंक्षक रामपरिखा राम को बनाया गया। जबकि सदस्य के रूप में हकीम अंसारी, सुनील यादव, सौकत अली, महेश सिंह सहित 23 लोगो का नाम शामिल है।

# पांडू बीस सूत्री की पहली बैठक में कई अधिकारी रहे अनुपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू राहुल उरांव ने चिट्ठी निर्गत करते हुए 13 फरवरी दिन सोमवार को बीस सूत्री की बैठक बुलाई थी जिसमें कुछ विभागों को छोड़कर बाकी के सभी विभागीय कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिसे देखते हुए पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय ने नाराजगी जाहिर की है। श्री पांडे ने कहा वैसे कर्मचारी जो बिना सूचना के बीस सूत्री की बैठक में अनुपस्थित पाए गए है उनसे स्पष्टीकरण पूछा जायेगा. किसी भी किमत में मनमानी नहीं चलने दिया जायेगा. वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पुनः 20 फरवरी दिन सोमवार को अगली तिथि निर्धारित की है। उन्होंने कहा सभी विभागीय कर्मचारियों को इस बैठक में आना अनिवार्य है.मौके पर पांडू सूत्री सदस्य भूषण चौबे, सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र चंद्रवंशी, बद्री चंद्रवंशी, अवधेश सिंह, वाहिद अंसारी, प्रवेश साव, बीपीओ रणधीर कुमार, एई अश्विनी सिंह, बड़ा बाबू सतीश उपाध्याय, जेई रबि रंजन, मनरेगा लेखापाल अमित पांडे, महिला पर्वेक्षिका मिना देवी, जेएसएलपीएस से बीपीएम बिपिन जी, के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर तैयार की रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बाजार स्थित संत जेवियर इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में दिन सोमवार को युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल प्रजापति की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक किया। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पिपरा मंडल अध्यक्ष संजय कुमार मेहता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत कैसे करें उस बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गई साथ ही साथ मेहता ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है जन आक्रोश रैली की रूपरेखा तैयार करने पर भी चर्चा किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप सोनी बलराम मेहता अरुण कुमार प्यारेलाल राजन कुमार सोनी उपेंद्र कुमार अमरेश सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंडवा में हुआ भाजपा कार्यसमिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा, पलामू :** रविवार को प्रखंड स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष यमुना प्रसाद सिंह ने की। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर बैठे की कार्रवाई शुरू की गई। मंडल अध्यक्ष यमुना प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं कि जानकारी जन-जन तक पहुंचाने को ले हर भाजपा कार्यकर्ता को आगे आना होगा। कहा की झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। इस मौके पर महामंत्री निरंजन प्रसाद ,मंडल संयोजक जयपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विष्णु देव यादव, कोषाध्यक्ष रामाकांत मेहता,उमेश पासवान, युवा मोर्चा महामंत्री रितिक पांडेय, धनंजय कुमार, दिलीप कुमार, वशिष्ठ बैठा, कौशल मेहता, सत्येंद्र मेहता, ओमप्रकाश मेहता, हेमंत कुमार पांडेय, कुलदीप मेहता, दिलीप कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सजवन गांव के अग्निपीड़ितों व ग्रामीणों के साथ अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने की बैठक

➲ललन मेहता, सुरेंद्र मेहता व आरती कुंवर को मिलेगा आवास
➲जविप्र के दुकानदार और पंचायत प्रतिनिधि बर्तन, भोजन, वस्त्र की करेंगे व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हैदरनगर थाना के अंतर्गत रविवार की शाम 11 हजार वोल्ट विद्युत प्रवाहित तार गिरने से सजवन गांव के चार घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। घर में रखा सभी सामान भी जलकर खाक हो गया। सभी पीड़ित सड़क पर आगए हैं। उनके सर से छत छीन गई। रविवार की शाम अंचल पदाधिकारी राजीव नीरज ने तत्काल उन्हे कंबल की व्यवस्था कर दिया है। सोमवार को अंचल पदाधिकारी राजीव नीरज, बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह समेत कई पंचायत समिति सदस्य व विभिन्न पंचायतों के मुखिया ने पीड़ित परिवारों व ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में अंचल पदाधिकारी राजीव नीरज ने ललन मेहता, सुरेंद्र मेहता व आरती कुंवर को आवास देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के आवेदन को वह उच्चाधिकारियों को भेज कर हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे। जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने अनाज बर्तन वस्त्र चौकी आदि उपलब्ध कराने की बात कही। पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह से मुआवजे की मांग की। कनीय अभियंता ने कहा कि वह एक महीना में जर्जर तार बदल देंगे। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर वह उच्चाधिकारियों को बढ़ाकर मदद दिलाने का प्रयास करेंगे। उनसे पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने कहा कि उनकी लापरवाही की वजह घटना घटी है। उन्हे जिम्मेवारी लेते हुए मुआवजा देना चाहिए। ग्रामीणों ने तार जोड़ने से रोक दिया है। 11 हजार वोल्ट तार नहीं जुड़ने से पंसा फीडर में परता, सलेमपुर, कबरा खुर्द, कबरा कलां, रानीदेवा, अधौरा, कोइरियाडीह, पंसा आदि गांव में रविवार की शाम से बिजली की आपूर्ति बंद है। बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह, भाजपा नेता अजय जयसवाल, मुखिया कुसुम देवी, पूर्व मुखिया नागेंद्र मेहता, पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता, गुप्तेश्वर पांडेय, अशरफ हसन, नेजाम खान के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

# संत जोसेफ कॉन्वेन्ट स्कूल का मना सातवां वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

➲अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार विद्यालय में ही है संभव : अभिमन्यु
➲अनुशासन व संस्कारपूर्ण शिक्षा आज की जरूरत : एसडीपीओ सुरजीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार विद्यालय में ही संभव है। अच्छे संस्कार से हीं बच्चों में सारे गुण आते हैं। स्कूल बच्चों का दूसरा घर है, यहीं से इनके भविष्य की नींव तैयार होती है। उक्त बातें युवा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने कहा। वे रविवार को विश्रामपुर स्थित संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल के सातवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि स्कूल से अर्जित किया गया ज्ञान बच्चों को जीवन भर काम आता है, उन्हें पढ़ाई के साथ अनुशासन भी बनाये रखने की जरूरत है। जीवन में कामयाब होने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन मुख्य युवा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह, अतिथि विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, ग्रासिम इंड्रस्टीज के एचआर हेड अजित तिवारी,रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पड़वा प्रमुख गीता मेहता, स्कूल के संस्थापक विजय पांडेय, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन अंसारी,गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय,एएसआई अनंत कुमार सिंह,प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेन्ट स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समारोह पूर्वक मनाया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक नारेंद्र कुमार तिवारी ने किया व संचालन अमित कुमार सिंह व स्कूल के प्राचार्य आर के सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि बच्चों को अनुसाशन व संस्कारपूर्ण शिक्षा देने की जरूरत है। इस बात की खुशी है कि यह स्कूल बच्चों को अनुसाशन में रखते हुये संस्करपूर्ण शिक्षा दे रहा है। ग्रासिम इंड्रस्टीज के एचआर हेड अजित तिवारी ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुये कहा कि कम शुल्क में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसके लिये स्कूल प्रबंधन बधाई का पात्र है। निदेशक नारेंद्र कुमार तिवारी ने स्कूल के सात वर्षों की विकास यात्रा के बारे में लोगो को बताया। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा एक मात्र उद्देश्य है। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक गीत-नृत्य व नाटक प्रस्तुत कर अतिथियो का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत भी किया। मौके पर शुशील शुक्ला,नागेंद्र प्रसाद पांडेय, गोपाल पांडेय, मो सत्तार खलीफा पेंटर जिलानी, राहुल दुबे, धनंजय यादव, प्रवीण सिंह,राजू राम,राजू श्रीवास्तव, दिनेश शुक्ला, सलिमिद्दीन अंसारी सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा व काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।




UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
NEW INDIA'S GROWTH ENGINE
10-12 FEBRUARY, 2023 | LUCKNOW

# नए भारत का
# नया उत्तर प्रदेश
# रिकॉर्ड निवेश
## ₹ 33.50 लाख करोड़ से अधिक




माननीया राष्ट्रपति **श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी** की प्रेरणा एवं यशस्वी प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी** के मार्गदर्शन में **यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023** का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नयी गति मिलेगी और **सबका साथ-सबका विकास** का मंत्र साकार होगा।

**इसके लिए मैं माननीया राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय केन्द्रीय मंत्रियों, 40 देशों के प्रतिनिधियों, 10 कन्ट्री पार्टनर, वैश्विक निवेशक समुदाय, अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों, नीति निर्धारकों एवं प्रदेश की जनता के प्रति कृतज्ञ हूं।**

यह आयोजन उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विज़न **'रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म'** को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ ही विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हुआ है और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है।

अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस दिशा में तीव्र गति से अग्रसर होगा।

## नए भारत के ग्रोथ इंजन की क्षमताओं में विश्वास व्यक्त करने के लिए

# आभार

**- योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**



## करके दिखाए जो, डबल इंजन की सरकार है वो

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
इन्वेस्ट यूपी

## तबरेज खान इंटक जमशेदपुर महानगर के सचिव मनोनित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंटक जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' द्वारा तबरेज खान को इंटक के तमाम कार्यक्रम एवं मजदूर हित मे सक्रियता रहने के कारण उन्हें जमशेदपुर महानगर इंटक का सचिव मनोनित किया गया। मनोनयन पत्र की प्रतिलिपि इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय को भेज दिया गया। तबरेज खान के महासचिव बनाए जाने पर संतोष सिंह, रौशन सिंह, चंदा सिंह, देव कुमार, सूसिल कुमार, कृष्णा राजू, मनीष सिंहा, रवि उपाध्याय, रवि राज, राजीव कुमार आदि इंटक नेताओं द्वारा उन्हें बधाई दी गई।



## ब्रह्मर्षि समाज के महासचिव नवल किशोर सिंह का निधन

**आदित्यपूर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज सरायकेला खरसावां के महासचिव और भारतीय पोस्टल पेंशनर एसोसिएशन भारत के उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह का सोमवार को निधन हो गया. नवल किशोर सिंह 85 वर्ष के थे. सोमवार 2 बजे लंबी बीमारी के बाद उनका निधन उनके आर टाइप स्थित आवास पर हुआ. उनके निधन पर ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने कहा कि वे हर दिल अजीज और हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे और ब्रह्मर्षि समाज के पुरोधा थे. वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



## सिंहभूम चैम्बर में पोस्ट बजट सेमिनार आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं जमशेदपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कल 14 फरवरी को चैम्बर भवन में एकदिवसीय पोस्ट बजट सेमिनार का आयोजन पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया गया है। जिसमें जमशेदपुर के बाहर से से आये विशेषज्ञ इसपर अपना व्याख्यान देंगे। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी।सचिव, वित्त एवं कराधान एडवोकेट पीयूष ने बताया सेमिनार के जरिये जमशेदपुर के बाहर से आये सीए के.के. छापरिया एवं सीए अभिषेक टिबरेवाल, डायरेक्ट एवं इनडायरेक्ट टैक्स पर व्यवसायियों एवं उद्यमियों को उनपर पड़ने प्रभाव से अवगत करायेंगे और इसपर चर्चा करेंगे।

## नक्शा विचलन में तीन मकान हुए सील

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति क्षेत्र के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के निदेशानुसार कार्यालय क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से भवन निर्माण किए जाने की शिकायत प्राप्त होने के उपरांत उड़नदस्ता दल को नेतृत्व करते हुए नगर प्रबंधक सोनल सिंह, एवं जॉय गुड़िया द्वारा होल्डिंग संख्या-105 बी अजय कुमार हाजरा जिसमें जी+3, होल्डिंग संख्या - 19 विश्वकोश साहा, ब्लॉक-3 जिसमें सील (जी+4) एवं होल्डिंग संख्या-244 न्यू लेआउट सीतारामडेरा- गंगा राम (जी+3) भवनों को सील कर दिया गया। उड़नदस्ता दल में नगर प्रबंधक के साथ क्षेत्रीय कर्मी एवं जवान भी सामिल रहे ।



## जमशेदपुर के मोबाइल चोर गिरोह का एक सदस्य पटमदा बाजार में पकड़ाया



भुक्तभोगी शंकर मंडल थाना में बैठे हुए

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पटमदा बाजार में लगने वाले साप्ताहिक हाट में जमशेदपुर से आने वाले गिरोह के द्वारा एक अनुमान के मुताबिक अब तक 100 से अधिक मोबाइल फोन की चोरी की गई है। इसमें से कुछ फोन के मालिकों के द्वारा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि अधिकांश मामलों में लोगों ने पुलिस में शिकायत करने से परहेज किया है। लेकिन इस बार कुछ ऐसा हुआ कि एक व्यक्ति की सजगता के कारण चोरी के एक आरोपी को रंगेहाथ दबोच लिया गया। इस संबंध में खेडुआ निवासी शंकर मंडल ने बताया कि वह शाम करीब 5 बजे पटमदा हाट में साग खरीद रहे थे। उनका फोन शर्ट के पॉकेट में था। इस बीच 3-4 लोग उनके पास आये और अपनी चतुराई से उनका फोन निकालकर बगल में ही एक सब्जी विक्रेता से सब्जी खरीदने का नाटक करते हुए उन पर नजर रखने लगे। शंकर के मुताबिक जब उन्हें अहसास हुआ कि फोन पॉकेट में नहीं है तो इधर-उधर झांकने लगे, तब देखा कि एक अनजान व्यक्ति के हाथ में उनका फोन है। इसके बाद उसे पकड़कर उसकी पिटाई करते हुए थाना ले गये। इस बीच मौजूद लोगों को जब पता चला कि कोई चोर पकड़ाया है तो उसकी जमकर धुनाई कर दी। इस मामले में पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि एक युवक मंतोष सिंह (मानगो निवासी) को चोरी के आरोप में पकड़ा गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। वहीं सूत्रों के अनुसार आरोपी ने पुलिस को जानकारी दी है कि उसके साथ और 3 लोग थे जिसे पकड़ने का प्रयास पुलिस कर रही है। फरार आरोपी जमशेदपुर के मानगो समेत विभिन्न थाना क्षेत्र के बताए जाते हैं।

## कदमा प्रकृति विहार में जोहार हाट का दूसरा संस्करण आज से शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा स्थित प्रकृति विहार में 14 से 21 फरवरी तक जोहार हाट के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जायेगा.इस बार आदिवासी केंद्रित प्रदर्शनी माघे परब, बहा और होली के विषयों पर आधारित होगी, जो सभी आदिवासी समुदाय के लिए प्रमुख महत्व के त्योहार हैं। विजिटर्स थीम को प्रदर्शनी की साज-सज्जा के साथ-साथ विभिन्न उत्पादों, व्यंजनों और प्रदर्शनों के माध्यम से अनुभव का सकेंगे। जोहार हाट की परिकल्पना टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा हर महीने एक सप्ताह लंबी प्रदर्शनी के माध्यम से पूरे भारत में जनजातियों की कला, शिल्प, व्यंजन और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित स्थान बनाने के लिए की गई थी।



### निजी क्षेत्र मे स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# उद्यमियों का सहयोग बेहद जरूरी : चंपई सोरेन

### 40 हजार वेतन तक निजी क्षेत्र के संस्थानों में 75 फ़ीसदी स्थानीय युवाओं का नियोजन अनिवार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** राज्य खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है. सरकार यहां के युवाओं का पलायन रोकने के लिए कृतसंकल्पित है। इसी सोच के साथ सरकार राज्य के निजी क्षेत्र के संस्थानों में 75 फ़ीसदी स्थानीय युवाओं को 40 हजार वेतन तक नियोजित करना चाहती है। उन्होंने कहा राज्य विकसित तभी हो सकेगा जब यहां के उद्यमी सहयोग करेंगे। यहां के आदिवासी ईमानदार हैं, भूखे रह जाएंगे मगर भीख नहीं मांगेंगे। युवा मुख्यमंत्री यहां के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के सोच के साथ इस नीति को लागू कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के आदिवासियों मूलवासियों को मूलभूत जरूरी सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से इस नीति को लागू करना जरूरी है। जिसमें यहां के उद्यमियों का सहयोग बेहद जरूरी है।




उन्होंने कहा कि देश और राज्य तभी विकसित कहलायेगा जब हर हाथ में रोजगार होगा। उक्त बातें सूबे के आदिवासी कल्याण सह परिवहन विभाग मंत्री चंपई सोरेन ने कही। वे आज आदित्यपुर ऑटोक्लस्टर स्थित सभाकक्ष में राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 पर कार्यशाला में बोल रहे थे। इस दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए नियोजन नीति 2021 एवं नियमावली 2022 के संबंध में बिंदुवार जानकारी साझा की। कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से नियमावली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त नियमावली के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर भी बिंदुवार चर्चा की गई।कार्यक्रम को उपायुक्त अरवा राजकमल ने संबोधित कर जिले मे स्थित विभिन्न उद्यमी, संगठनों एवं औद्योगिक इकाइयों से मिल रहे सहयोग की सराहना करते हुए कहा वैसे संस्थान जिन्होंने अबतक सरकार के पोर्टल पर निबंधन नहीं कराए हैं, वे आगामी 28 फ़रवरी 2023 तक सक्षम अधिकारियों के समक्ष नियोजन करा ले। उन्होंने कहा कि सभी नियोजकों को स्थानीय उम्मीदवारों से रिक्तियों को भरना होगा। यदि उच्च कौशल युक्त मानव बल की आवश्यकता है तो उस अनुरूप सरकार के द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित कर मानव बल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अधिनियम के दायरे में आने वाले नियोजकों को पंजीकरण कराने का भी निर्देश दिया गया। ताकि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। उपायुक्त ने नियोजकों को बताया कि अधिनियम सह नियम के लागू होने के बाद राज्य के सभी प्रत्येक नियोक्ता 40 हजार रुपये से अधिक तक सफल मासिक वेतन या मजदूरी वाले ऐसे पदों जो अधिसूचित होने की तिथि को रिक्त हो एवं उसके उपरान्त उत्पन्न कुल रिक्ति का 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित किया जाना अनिवार्य है। यह अधिनियम 10 या 10 से अधिक व्यक्तियों का नियोजन करने वाला कोई व्यक्ति अथवा संस्था पर लागू होगी। प्रत्येक नियोक्ता द्वारा स्वयं का अभिहित पोर्टल पर निबंधन स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियम 2022 की अधिसूचना के 30 दिनों के अंदर करना होगा।कार्यक्रम को खरसावां विधायक दशरथ गागराई, इचागढ़ विधायक सबिता महतो, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंदर कुमार अग्रवाल, ऑटो क्लस्टर के एमडी एसएन ठाकुर ने सम्बोधित कर नियोजन नीति एवं नियमावली के बारे में अपने अपने मंतव्य साझा कर सरकार की सोच को धरातल पर लाते हुए नियोजन नीति एवं नियमावली के तहत स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सरायकेला विधायक प्रतिनिधि सनंद आचार्य, आप्त सचिव चंचल गोस्वामी, श्रम अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी के अलावा जिले के तमाम उद्यमी संगठनों एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक पोल से टकराई, दो घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां-कुचाई मुख्य सड़क के आकर्षिणी वन विश्रामगार भवन के समीप अनियत्रित होकर तेज रफ्तार बाइक पलट गई। इस बाइक दुघर्टना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से खरसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक घायल की गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक इलाज कर सरायकेला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बाइक दुघर्टना शाम 5 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार कुचाई के मागुडीह निवासी सूरज लोहार (18) पिता-शंभू लोहार एवं कृष्णा लोहार (17), पिता-धरमु लोहार सोमवार की शाम अपने हिरो स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 22 एफ 4823 से कुचाई मुख्य मार्ग से खरसावां की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में कुचाई-खरसावां मुख्य सड़क के आकर्षिणी वन विश्रामगार भवन के समीप अनियत्रित होकर तेज रफ्तार बाइक पलट गई। दुर्घटना में सूरज लोहार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़ा रहा। वहीं कृष्णा लोहार को हल्की चोट आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी खरसावां थाना की पुलिस को दी। साथ स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से खरसावां पुलिस ने दोनो घायलों को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए। बाइक चालक सुरज लोहार के मुह,छाती व शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी है। उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए सरायकेला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि कृष्णा लोहार को सर व शरीर के कई हिस्सों में मामूली चोट लगी है। घायलों के परिजनों को फोन कर दुर्घटना की सूचना दी।

## आनन्द मार्ग का एक दिवसीय सेमिनार संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कांड्रा :** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ सरायकेला खरसावां द्वारा एक दिवसीय सेमिनार आनन्द मार्ग जागृति कांड्रा में राजेन्द्र प्रसाद ने शिव की शिक्षा, जीवन के सभी क्षेत्रों में पुनर्जागरण, अणु एवं भूमा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शिव की शिक्षा पर कहा कि आदिगुरु भगवान शिव की शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि श्री श्री आनन्दमूर्ति ने शिव शिक्षा के 12 सूत्रों की व्याख्या की है जिनमें शिव पुराण, शिव संहिता और आगम निगम शास्त्र को समाहित कर दिया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन, सूर्य प्रकाश, सुदर्शन, बसन्त राम देव , भर्त हरि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि धर्म के पथ पर चलने वाले को वर्तमान में जीना होगा, अतीत का गुणगान करने और भविष्य की काल्पनिक रूपरेखा में जीना निरर्थक है।

## योगेंद्र यादव की याद में लगे अशोक वृक्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** समाजसेवी स्व योगेंद्र प्रसाद यादव के स्मृति में आदित्यपुर विकास समिति द्वारा पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में माता गायत्री देवी के कर कमलों द्वारा आज न्यू कॉलोनी उत्क्रमित उच्च विद्यालय आदित्यपुर के मुख्य द्वार के निकट लोहे की जाली सहित 10 अशोक वृक्ष लगाए गए।वृक्षारोपण कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि गायत्री देवी, सत्यप्रकाश सुधांशु, मंजू देवी, कुमारी स्वीटी, विद्यार्थी जी, प्रोफेसर संजय कुमार, उमेश प्रसाद यादव, डॉ रवि रंजन, प्रदीप सिंह, वीरेंद्र यादव के कर कमलों द्वारा न्यू कॉलोनी उत्क्रमित उच्च विद्यालय के लगभग 100 छात्र छात्राओं को स्कूल की प्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित संध्या प्रधान ने शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने जगदीश नारायण चौबे, पीके झा, अधिवक्ता संजय कुमार, बैजू यादव, स्कूल की प्राचार्य संध्या प्रधान सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं की भूमिका सराहनीय रही।

## भतीजे ने चाचा व चाची पर किया जानलेवा हमला, चाची की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सदर थाना अंतर्गत पाटा हेंसल गांव मे एक युवक लगभग 30 वर्षीय शिवा दोंगो ने अपने चाचा के घर मे घुस कर लोहे के सब्बल से अचानक अपने चाचा एवं चाची पर जानलेवा हमला किया, जिससे उसके चाची की मौत हो गयी एवं जख्मी चाचा का इलाज चल रहा है। सदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उक्ताशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिली जानकारी अनुसार किसी सामान्य बात पर शिवा दोंगो को उसकी चाची डांट दी थी। इसी बात को लेकर अचानक वह लोहे का सब्बल लेकर उनके घर मे घुस गया तथा चाचा चाची सहित चचेरे भाई पर भी सब्बल से प्रहार करने लगा। उसका चचेरा भाई रामचन्द्र दोंगो किसी तरह घर से भाग निकला एवं गांव वालों को सहायता हेतु बुला कर लाया। गांव वालों के साथ जब घर पहुंचा तो उसके माता पिता खून से लथपथ जख्मी होकर तड़प रहे थे। शिवा बगल में ही सब्बल लेकर बैठा था, नजदीक आये गांववालों पर भी उसने हमला करना चाहा। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। तत्काल पुलिस वहां पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शिवा को पकड़ते हुए जख्मियों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जिंगी दोंगो को मृत घोषित किया एवं जख्मी विश्वनाथ दोंगो का इलाज जारी है।

## जिले के 5 प्रखंडों में सर्वजन पेंशन शिविर 15 से 20 तक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पेंशन योजना का लाभ लेने से वंचित सुयोग्य लोगों को इस योजना से जोड़ने के लिए जिले के पांच प्रखंड मुसाबनी, घाटशिला, गोलमुरी -सह- जुगसलाई, चाकुलिया में 15 से 20 फरवरी तक सर्वजन पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर को लेकर लोगों में जागरूकता लाने तथा ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर में पहुंचें इस उद्देश्य से समाहरणालय से धालभूम अनुमंडल के प्रखंडों के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी तथा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो ने रवाना किया। उपायुक्त द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुसाबनी, घाटशिला, गोलमुरी -सह- जुगसलाई, तथा अंचल अधिकारी, चाकुलिया, मानगो और जमशेदपुर को निर्देश दिया गया है ।

## दो दिवसीय फुटबॉल सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई के सरेगेंदा रायपीढ़ी फुटबॉल मैदान में मॉर्निंग स्टार क्लब के द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल में कोल्हान प्रमडंलीय क्षेत्र से आठ टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के फाईनल मैच में जय माता दी जोजोहातु के टीम को टाई ब्रेकर के तहत 3-1 से पराजित कर रतन स्पोटिंग की टीम चैम्पियन बनी। प्रतियोगिता के फुटबॉल विजेता, उपविजेता टीम एवं खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को कुचाई के अरूवां पंचायत के मुखिया सरस्वती मिंज,समाजसेवी दिलीप चंद्र महतो के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम रतन स्पोटिंग को 20 हजार, उप विजेता टीम जय माता दी जोजोहातु को 15 हजार रूपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे मैन ऑफ द मैच,मैन ऑफ द सिरिज, वेस्ट सकोरर, वेस्ट गोलकीपर सहित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जबकि चैड़ाल टुसू व रंगारंग छप्पल छप्पल नृत्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ ही झारखण्डी काल्चर मेला में विगत दिनों जमशेदपुर में हुई डहरे टुसु में शामिल किशोरियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मुखिया सरस्वती मिंज, समाजसेवी महेश मिंज, समाजसेवी दिलीप चाँद महतो, पिंटू सरदार,दशरथ सरदार, श्रीकांत महतो, रुईदास महतो,दसा सरदार, घनश्याम सरदार, राजू महतो,बादल सरदार आदि उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा का डिजिटल ऋण विषय पर सेमिनार आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों हेतु 'डिजिटल ऋण' विषय पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अमृतसर (पंजाब) में अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बैंक के प्रमुख-राजभाषा एवं संसदीय समिति, संजय सिंह ने कहा कि बैंक द्वारा लगातार 9 वर्षों से हिंदी माध्यम में इस तरह के अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें किसी ज्वलंत विषय पर बैंकों, वित्तीय संस्थानों एवं बीमा कंपनियों के स्टाफ सदस्यों से हिंदी में आलेख आमंत्रित किए जाते हैं एवं श्रेष्ठ आलेखों के लेखकों को प्रस्तुति हेतु सेमिनार में आमंत्रित किया जाता है। वर्तमान समय में डिजिटलीकरण को गति देने तथा इससे सदर्भित प्रक्रियाओं के विषय में जागरूकता लाने को ध्यान में रखते हुए डिजिटल ऋण विषय को हिंदी में विचार-मंथन हेतु चयनित किया गया।




उपर्युक्त सेमिनार में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या, आई.ए.एस, वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा बैंकिंग में साइबर अपराध ई-पुस्तक, एमएसएमई उत्पादों की द्विभाषिक पुस्तिका, बॉब अभिव्यक्ति ऐप 2.0 (बैंक की पत्रिकाओं से युक्त ऐप) शामिल हैं।

## संपादकीय

# बाइडन का संदेश

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन का सालाना स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण इस बार ऐसे मौके पर आया है, जब उनके कार्यकाल में पहली बार विधायिका पूरी तरह उनकी पार्टी के नियंत्रण में नहीं है। सीनेट पर अब भी उनकी पार्टी का नियंत्रण है, लेकिन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में विरोधी रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि राष्ट्रपति बाइडन अगले कार्यकाल के लिए चुनावी मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि उनका भाषण खासतौर पर घरेलू मामलों पर ही केंद्रित रहा। जहां उन्होंने अमेरिका को फिर से मजबूती दिलाने वाली अपनी उपलब्धियां गिनाईं, वहीं इस बात पर भी जोर दिया कि वह विपक्षी दल के साथ मिलकर भी देश हित में जरूरी फैसले लेते हुए देश को आगे ले जा सकते हैं। यह इसलिए भी जरूरी था कि अपने कार्यकाल के बचे हुए हिस्से में अगर उन्हें कुछ बड़े फैसले करने हैं तो विपक्ष के सहयोग की दरकार होगी। बहरहाल, इन सबके बीच भी विदेश नीति को लेकर जो संकेत उन्होंने अपने भाषण में दिए, वे खासे अहम हैं। सबसे ज्यादा जोर उन्होंने चीन पर दिया, जिसके कथित जासूसी गुब्बारे को मार गिराने के उनके फैसले की पिछले दिनों खासी चर्चा रही है। स्वाभाविक ही उन्होंने अपने इस फैसले का बचाव किया और यह भी दोहराया कि जब भी चीन की तरफ से अमेरिका की संप्रभुता के लिए किसी तरह का खतरा पैदा किया जाएगा, हम कार्रवाई करेंगे। हालांकि इसके साथ ही बाइडन यह रेखांकित करने से भी नहीं चूके कि वह अमेरिकी हितों और वैश्विक हितों के मद्देनजर चीन के साथ सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग के सामने भी वह स्पष्ट कर चुके हैं कि अमेरिका कॉन्फ्लिक्ट नहीं कॉम्पिटिशन चाहता है। दिलचस्प है कि इस भाषण पर प्रतिक्रिया जताते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन को प्रतियोगिता से डर नहीं लगता, हालांकि वह दोनों देशों के संपूर्ण रिश्ते को प्रतियोगिता के ही रूप में परिभाषित करने के पक्ष में नहीं है। जाहिर है, भाषणों में निहित औपचारिकता को ध्यान में रखें तो इस भाषण के पॉजिटिव पहलुओं को चीन-अमेरिका रिश्तों में सुधार के संकेत के रूप में नहीं लिया जा सकता। खासकर यूक्रेन युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का रुख ऐसी कोई संभावना नहीं छोड़ता। लेकिन पिछले साल अगस्त में पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में आए अप्रत्याशित उबाल को ध्यान में रखें तो ये संकेत उस उबाल को नियंत्रित रखने की कोशिश जरूर माने जा सकते हैं। खासकर इस तथ्य के मद्देनजर कि नए हाउस स्पीकर केविन मैकार्थी (रिपब्लिकन) के भी इस साल ताइवान जाने की योजना है।




राष्ट्रपति बाइडन अगले कार्यकाल के लिए चुनावी मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि उनका भाषण खासतौर पर घरेलू मामलों पर ही केंद्रित रहा। जहां उन्होंने अमेरिका को फिर से मजबूती दिलाने वाली अपनी उपलब्धियां गिनाईं, वहीं इस बात पर भी जोर दिया कि वह विपक्षी दल के साथ मिलकर भी देश हित में जरूरी फैसले लेते हुए देश को आगे ले जा सकते हैं। यह इसलिए भी जरूरी था कि अपने कार्यकाल के बचे हुए हिस्से में अगर उन्हें कुछ बड़े फैसले करने हैं तो विपक्ष के सहयोग की दरकार होगी। बहरहाल, इन सबके बीच भी विदेश नीति को लेकर जो संकेत उन्होंने अपने भाषण में दिए, वे खासे अहम हैं। सबसे ज्यादा जोर उन्होंने चीन पर दिया, जिसके कथित जासूसी गुब्बारे को मार गिराने के उनके फैसले की पिछले दिनों खासी चर्चा रही है। स्वाभाविक ही उन्होंने अपने इस फैसले का बचाव किया और यह भी दोहराया कि जब भी चीन की तरफ से अमेरिका की संप्रभुता के लिए किसी तरह का खतरा पैदा किया जाएगा, हम कार्रवाई करेंगे। हालांकि इसके साथ ही बाइडन यह रेखांकित करने से भी नहीं चूके कि वह अमेरिकी हितों और वैश्विक हितों के मद्देनजर चीन के साथ सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग के सामने भी वह स्पष्ट कर चुके हैं कि अमेरिका कॉन्फ्लिक्ट नहीं कॉम्पिटिशन चाहता है।


## कुछ अलग

# घरों के अंदर क्यों बंद नहीं होती महिलाओं से हिंसा

**यह** एक बड़ा सवाल है कि क्या हमारे घर लैंगिक हिंसा से मुक्त हैं? क्योंकि हम जब भी लैंगिक हिंसा की बात करते हैं, तब हमारा इशारा घर से बाहर की दुनिया की ओर ही होता है। जमाना खराब है। देर रात तक बाहर रहना ठीक नहीं। ऐसी नौकरी करना ठीक नहीं। ऐसे लोगों से मिलना ठीक नहीं। तमाम हिदायतें घर से बाहर कदम रखने पर दी जाती हैं। लेकिन क्या कभी हम अपने परिवारों के भीतर स्त्रियों से हिंसा पर बात करते हैं? या क्या हम कभी लड़कियों को घर के भीतर जेंडर्ड हिंसा के बारे में जागरूक करते हैं? हिदायतें देते हैं? यह सोचना एक झटके में तो हैरान करता है कि औरतों के खिलाफ अपराध घर में? लेकिन यह भी तो सच है कि सती-प्रथा, बाल-विवाह, विधवाओं के साथ अमानवीय व्यवहार, जबरन केश-मुंडन जैसी कितनी ही जेंडर-आधारित हिंसाएं परंपराओं के नाम पर घरों में पलती रहीं, जिनमें से कुछ आज भी जीवित हैं। इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि शादी को लड़कियों के लिए इसलिए जरूरी बताया जाता है क्योंकि यह माना जाता है कि घर-परिवार ही उसे सामाजिक सुरक्षा दे सकते हैं। यह चिराग तले अंधेरे वाली बात है। इस पर कोई बात नहीं करना चाहता कि असल में कितनी लड़कियों को शादी के बाद सुरक्षित जीवन मिल पाता है। सुरक्षित जीवन का मतलब सिर्फ रोटी, कपड़ा, मकान नहीं गरिमापूर्ण ढंग से जीवनयापन कर सकना और बराबरी से घर के जरूरी मामलों में शरीक हो सकना भी है। दहेज के लिए मौखिक और शारीरिक प्रताड़ना के मामले भले ही समय के साथ कम हुए हों, घरेलू हिंसा के मामलों में कोई कमी नहीं आई है। राष्ट्रीय महिला आयोग की 4 अप्रैल 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, कोविड लॉकडाउन के शुरुआती हफ्ते में ही घरेलू हिंसा की शिकायतें कई गुना बढ़ गईं। उस दौरान मर्दों की नौकरियां चली गईं, तनख्वाह का पता नहीं मिलेगी या नहीं, परिवार एकांत में धकेल दिए गए। ऐसी स्थिति में सारी चिढ़ और हिंसा स्त्रियों पर निकाली गई। यूएन वुमन की वेबसाइट ने इसे 'शैडो पैंडेमिक' बताया। लॉकडाउन ने महिलाओं से उनका एकांत छीन लिया। वे पल छीन लिए, जब वे कुछ पल सुस्ता सकती थीं। जिन घरों में सारा घरेलू श्रम स्त्री के हिस्से में ही आया, वहां काम के अतिरिक्त बोझ और फरमाइशों, अपेक्षाओं, शिकायतों ने स्त्रियों की कमर ही तोड़ दी। इसी के बीच जीवनसाथी द्वारा यौन-हिंसा, वैवाहिक बलात्कार को भी शामिल कर लें तो ये आंकड़े कई गुना बढ़ सकते हैं। 2020 में रिपोर्ट हुए बलात्कार के कुल मामलों में से 9.3% में रेपिस्ट घर का ही सदस्य था। गर्भावस्था में दी जाने वाली मानसिक हिंसा या थोपी गई गर्भावस्था घर की संरचना के भीतर होने वाली हिंसा है। जन्म लेते ही लड़की को मार डालने के पाप से बचाने के लिए मानो गैर-कानूनी सोनोग्राफी अवतरित हो गई। गर्भस्थ शिशु का लिंग पता लगाकर परिवार का गर्भपात के लिए दबाव डालना या जबरन गर्भपात करवा देना भी हमारे समाज का सच है।


सुरक्षित जीवन का मतलब सिर्फ रोटी, कपड़ा, मकान नहीं गरिमापूर्ण ढंग से जीवनयापन कर सकना और बराबरी से घर के जरूरी मामलों में शरीक हो सकना भी है। दहेज के लिए मौखिक और शारीरिक प्रताड़ना के मामले भले ही समय के साथ कम हुए हों, घरेलू हिंसा के मामलों में कोई कमी नहीं आई है। राष्ट्रीय महिला आयोग की 4 अप्रैल 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, कोविड लॉकडाउन के शुरुआती हफ्ते में ही घरेलू हिंसा की शिकायतें कई गुना बढ़ गईं। उस दौरान मर्दों की नौकरियां चली गईं, तनख्वाह का पता नहीं मिलेगी या नहीं, परिवार एकांत में धकेल दिए गए।


## भाषा की मर्यादा को कायम रखते हुए कडवे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोसा

# संसद ही नहीं, देश एवं दुनिया में गूंजा मोदी संदेश

ललित गर्ग


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी जन-कल्याण की योजनाओं से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी की साख एवं प्रतिष्ठा बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है, जिसे बजट सत्र में पहले संसद को बाधित करने एवं फिर संसद शुरु होने पर बहसों के दौरान देखने को मिला है। प्रधानमंत्री जब भी संसद में बोलते हैं, गहरा सन्नाटा छा जाता है। उनका एक-एक शब्द नपा-तुला एवं अर्थपूर्ण-परिपूर्ण होता है, जिसमें शेर-शायरी, महापुरुषों के कोटेशन भी होते हैं। यह सुखद एवं प्रेरक है कि भाषण के दौरान शायर जिगर मुरादाबादी से कवि दुष्यंत कुमार और काका हाथरसी तक की पंक्तियों को मोदी ने याद किया और अपने उद्बोधन का हिस्सा बनाया।


**इन** दिनों संसद एवं संसद के बाहर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार के खिलाफ विवादित बयानों की बाढ़ आयी है, सभी राजनीतिक दल कीचड़ उछाल रहे हैं, गाली-गलौच, अपशब्दों एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच में लोकतांत्रिक मूल्यों पर कुठाराघात है। विशेषत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी जन-कल्याण की योजनाओं से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी की साख एवं प्रतिष्ठा बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है, जिसे बजट सत्र में पहले संसद को बाधित करने एवं फिर संसद शुरु होने पर बहसों के दौरान देखने को मिला है। प्रधानमंत्री जब भी संसद में बोलते हैं, गहरा सन्नाटा छा जाता है। उनका एक-एक शब्द नपा-तुला एवं अर्थपूर्ण-परिपूर्ण होता है, जिसमें शेर-शायरी, महापुरुषों के कोटेशन भी होते हैं। यह सुखद एवं प्रेरक है कि भाषण के दौरान शायर जिगर मुरादाबादी से कवि दुष्यंत कुमार और काका हाथरसी तक की पंक्तियों को मोदी ने याद किया और अपने उद्बोधन का हिस्सा बनाया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा में विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी ने जो आरोप लगाए थे, उनका जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो उद्बोधन दिया, निश्चित ही संसद के इतिहास का एक यादगार उद्बोधन है। नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा हैं, संसद में बहस एवं चर्चाओं में भाषा की मर्यादा बिखर रही है, लेकिन मोदी ने अपने उद्बोधन में भाषा की मर्यादा को कायम रखते हुए कडवे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोसा। जिस तरह अदाणी मामले को लेकर कुछ कहने की आवश्यकता उन्होंने नहीं समझी, उससे उन्होंने उस शोर को शांत करने का ही काम किया, जो अदाणी समूह को लेकर मचाया जा रहा है। आम तौर पर प्रधानमंत्री विपक्ष के आरोपों का चुन-चुनकर जवाब देते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने रणनीति के तहत अदाणी मामले पर कुछ नहीं कहा। इससे उन्होंने बिना कुछ कहे यही संदेश दिया कि विपक्ष अदाणी मामले को लेकर निराधार आरोप लगा रहा है। वैसे भी अदाणी को लेकर भाजपा ने संसद के बाहर एवं भीतर बहुत कुछ स्थितियों को स्पष्ट कर दिया था। भले ही धन्यवाद प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया, लेकिन इस दौरान सदन में तीखे भाषण हुए, आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चला, जो संसदीय परम्परा का एक हिस्सा कहा जा सकता है लेकिन जैसी बहस हुई, उसे देश में स्वस्थ लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला कत्तई नहीं कह सकते है। विपक्ष की ओर से सबसे बड़ा मुद्दा अडाणी मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) जांच की मांग है। अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद इस ग्रुप के शेयरों में बड़ी गिरावट आई और उसके लगाए आरोपों का भारतीय कारोबारी समूह ने जवाब भी दिया। इससे जुड़े पहलुओं पर बैंकिंग और शेयर बाजार नियामकों की ओर से भी पहल हुई। ऐसे में जेपीसी की जांच की मांग इस मुद्दे का राजनीतिक पहलू ही है। यहां विपक्ष से गंभीर होकर सार्थक बहस करने एवं बुनियादी तथ्यों को उजागर करने की अपेक्षा थी, क्योंकि यह मसला बेवजह देश की अर्थव्यवस्था एवं बाजार को अस्त-व्यस्त कर रहा है। नियामक संस्थाओं की ओर से इस मामले में तत्परता से जांच-पडताल हो रही है, फिर भी राजनीतिक दलों एवं नेताओं के द्वारा इस मुद्दे को लेकर तिल का ताड़ बनाना, देशहित में नहीं है। क्योंकि विपक्ष के बेतूके बयानों एवं आरोपों से शेयर बाजार अनिश्चित होता है, जो ठीक नहीं है। वैसे सरकार को चाहिए कि अदाणी को लेकर छाये धूंध की तस्वीर को साफ करें ताकि इस मामले का साया स्टॉक मार्केट से हट सके। देश के विकास में उद्योगपतियों की भी एक बड़ी भूमिका है, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस की ओर से रह-रहकर ऐसा माहौल बनाया जाता है कि उद्योगपति सरकार की सहायता से देश को ठगने-लूटने का काम कर रहे हैं। यह इसलिए ठीक नहीं, क्योंकि इससे उद्योगपतियों के साथ उद्यमशीलता के विरुद्ध भी वातावरण बनता है। जो देश को विकास की ओर अग्रसर करने की बड़ी बाधा है। मोदी के इस भाषण को एक सन्देश के रूप में याद किया जायेगा। जैसे अटल विहारी वाजपेयी के अनेक संसदीय उद्बोधन आज भी याद किये जाते हैं, सुने जाते हैं। इस तरह वर्षों बाद संसद में ऐसी रोचक एवं प्रेरक स्थिति बनी, जब लोगों ने कान लगाकर मोदी को सुना है और उनके इस उद्बोधन को याद भी रखेंगे। विपक्ष का हमला अगर तीखा था, तो सत्ता पक्ष का जवाबी प्रहार भी कुछ कम न था। बहरहाल, अडानी के संबंध में मोदी ने एक शब्द भी नहीं बोला बल्कि उन्होंने विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथ लेने की रणनीति को तरजीह दी। विशाल आबादी वाले हमारे देश की तेज उभरती अर्थव्यवस्था में अनैतिक चालाकियों के लिए कोई जगह न रहे, बेवजह के आरोपों से राजनीतिक दलों का भले हित सधता हो, लेकिन देश का भारी नुकसान होता है। इस नुकसान की चिन्ता मोदी के उद्बोधन में थी। प्रधानमंत्री का जहां तक संबंध है, विपक्ष के आरोपों को उन्होंने बहुत गंभीरता से लिया है, उनके आहत मन को उनकी चुटकियों और उक्तियों में समझा जा सकता है। अपशब्दों और आरोपों से वह आहत थे और उन्होंने यह भी छिपाया नहीं। उन्होंने अपनी ओर से भी शालीनता से सुनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। विपक्ष अडानी-अडानी के शोर के साथ विरोध में जुटा रहा, मोदी अपने इस उद्बोधन से देश की असंख्य जनता के दिलों में जगह बनाने में कामयाब होते रहे। प्रधानमंत्री ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'ये लोग तो अपने और अपने लोगों के लिए जी रहे हैं, लेकिन मोदी देश के 25 करोड़ परिवारों का सदस्य है। मेरे लिए 25 करोड़ परिवार ही सुरक्षा कवच हैं, जिसे आप इन शस्त्रों से कभी भेद नहीं सकते।' यह एक तरह से विपक्ष की ओर इशारा भी है कि हमले की उसकी तैयारी मुकम्मल नहीं है, निस्तेज एवं आधारहीन आरोपों की विपक्षी संस्कृति उसके लिये ही नुकसान का कारण बनती रही है। प्रधानमंत्री के जवाब ने बता दिया कि मजबूत सत्ता पक्ष के सामने बिखरे हुए विपक्ष की मंजिल अभी दूर है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री ने यह कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने के बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि झूठ और झूठ के हथियार से उन्हें हराया नहीं जा सकता।



# मजहब से मुक्ति का संग्राम


ईरान में 1979 का समय इस्लामिक बदलाव का दौर था। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति, जो अमेरिका के समर्थक माने जाते थे, को हटाकर इस्लामिक गुरु खुमैनी का शासन स्थापित हुआ था। तत्कालीन ईरान के शाह ने काफी संपत्ति अमेरिका में जमा की थी और अमेरिका ने ईरान में काफी कारखाने आदि लगाए थे। कुछ अमेरिका की वजह से, कुछ राजनीतिक वजह से, कुछ इस्लामिक कायदे-कानून न होने की वजह से, ईरान के लोगों ने खुमैनी के नेतृत्व में विद्रोह किया था। फिर ईरान में खड़ी की गई अमेरिकी संपत्ति को ईरान सरकार ने खुमैनी के नेतृत्व में जब्त किया था। तभी से ईरान में इस्लामिक राष्ट्र है और इस्लामिक धर्म गुरु के नियंत्रण में शासित है। इस्लामिक क्रांति के चार वर्ष के बाद 1983 में ईरान में हिजाब पहनना अनिवार्य किया गया था। वैसे तो हिजाब पहनने की परंपरा इस्लामिक कानून में पहले से है। यह व्यवस्था थी कि अगर कोई महिला बुर्का नहीं पहन सकती है, तो वह हिजाब पहने। इस्लामिक धार्मिक गुरुओं का कहना था कि महिलाओं को बुर्का, हिजाब पहनना अल्लाह का आदेश है।


**दरअसल** उनका यह कहना ईरान की उस बैचेनी की अभिव्यक्ति है, जो वहां के आम युवा के मन में घूम रही है। अब युवा लोकतंत्र चाहता है, मुक्त जीवन चाहता है, मजहब के नाम पर अमानवीय बंधनों से मुक्ति चाहता है। लगभग तीन महीने से अधिक चले इस आंदोलन ने ईरान और दुनिया के मनों को हिलाया-डुलाया और बड़ी हलचल पैदा कर दी है। ईरान में 1979 का समय इस्लामिक बदलाव का दौर था। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति, जो अमेरिका के समर्थक माने जाते थे, को हटाकर इस्लामिक गुरु खुमैनी का शासन स्थापित हुआ था। तत्कालीन ईरान के शाह ने काफी संपत्ति अमेरिका में जमा की थी और अमेरिका ने ईरान में काफी कारखाने आदि लगाए थे। कुछ अमेरिका की वजह से, कुछ राजनीतिक वजह से, कुछ इस्लामिक कायदे-कानून न होने की वजह से, ईरान के लोगों ने खुमैनी के नेतृत्व में विद्रोह किया था। फिर ईरान में खड़ी की गई अमेरिकी संपत्ति को ईरान सरकार ने खुमैनी के नेतृत्व में जब्त किया था। तभी से ईरान में इस्लामिक राष्ट्र है और इस्लामिक धर्म गुरु के नियंत्रण में शासित है। इस्लामिक क्रांति के चार वर्ष के बाद 1983 में ईरान में हिजाब पहनना अनिवार्य किया गया था। वैसे तो हिजाब पहनने की परंपरा इस्लामिक कानून में पहले से है। यह व्यवस्था थी कि अगर कोई महिला बुर्का नहीं पहन सकती है, तो वह हिजाब पहने। इस्लामिक धार्मिक गुरुओं का कहना था कि महिलाओं को बुर्का, हिजाब पहनना अल्लाह का आदेश है। इसका जिक्र कुरान में है और कुरान वह ईश्वरीय ग्रंथ है, जिसे हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के जरिए अल्लाह ने भेजा है। दरअसल, यही दृष्टिकोण बदलाव और प्रगतिशील परंपराओं को रोकता और जड़ता को कायम रखता है। ये परंपराएं मजहब नहीं हैं, बल्कि इस्लाम के उदय के कालखंड में जो सामाजिक परिस्थितियां रही होंगी, उनमें इनकी उपयोगिता महसूस की गई होगी। जो भी हो, इन परंपराओं के कारण महिलाओं को एक प्रकार के कैद जैसे बंधनों में रखा गया और उन्हें बराबरी का मनुष्य नहीं माना गया। उनकी स्थिति एक बच्चा जनने जैसी बन गई तथा सात-आठ सौ साल के कालखंड में महिलाओं को मजहब के नाम पर भेदभाव सहना पड़ा। उनके घर से बाहर निकलने पर भी कई प्रकार की सीमाएं थीं। 1983 से लेकर पिछले लगभग तीस वर्षों से ईरान की महिलाएं इस मजहब के नाम पर दमन चक्र में पिस रहीं थीं। छिटपुट आवाजें बीच-बीच में उठती थीं, पर उन्हें कठोरता से दबा दिया जाता था। ईरान की बेटियां इससे भीतर से आहत थीं। अंततः उनके गुस्से का घड़ा फूटा और सितंबर 2022 में समूचे ईरान में महिलाओं द्वारा हिजाब विरोधी आंदोलन फैल गया। ईरान की पुलिस ने बेटियों को गिरफ्तार करना शुरू किया और इसी पकड़ा-धकड़ी में महसा अमीनी नामक लड़की की मृत्यु पुलिस हिरासत में हो गई, जिसे पुलिस ने हिजाब का विरोध करने के कारण गिरफ्तार किया था। महसा अमीनी की मौत ने सारे ईरान की महिलाओं के मन में आक्रोश भर दिया और वे स्वयंभू प्रेरणा से राजधानी तेहरान से लेकर कस्बों तक हिजाब के विरोध में सड़कों पर निकल पड़ीं। हिजाब पहनने की अनिवार्यता वाले कानून को वापस लेने की मांग करने लगीं। खुमैनी की इस्लामी हुकूमत द्वारा स्त्रियों का जिस प्रकार दमन किया गया, वह अवर्णनीय है। ईरान की महिलाओं का कुपरंपराओं को तोड़ने का आंदोलन एक अर्थ में गांधी के 'सिविल नाफरमानी' जैसा था। उसमें महिलाएं केवल कानून की सविनय अवज्ञा कर रही थीं, किसी ने भी कभी हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया। पुलिस की लाठियों, हल्की प्लास्टिक की गोलियों, अपमानजनक शब्दों के प्रयोग को, ये महिलाएं शांतिपूर्ण ढंग से सहती और अपनी बात पर अडिग रहीं। ईरान की इस्लामिक हुकूमत ने शरीअत कानून के आधार पर एक 'नैतिक पुलिस' शाखा बनाई है, जो इस्लामी कट्टर परंपराओं की रक्षा करती और प्रगतिशील सोच को दबाती है। इस नैतिक पुलिस, जिसे वहां 'गश्त-ए-इरशाद' कहा जाता है, ने चरम क्रूरता का प्रदर्शन किया। हालांकि इसके बावजूद आंदोलनकारी लड़कियों ने साहस नहीं छोड़ा। इन बच्चियों के ऊपर पैलेटगन से प्लास्टिक और धातु से बने छर्रे दागे गए, जो शरीर में घाव करते हैं। कुछ समय बाद नौजवान भी महिलाओं के साथ आंदोलन में शामिल हो गए और ऐसा लगने लगा कि सारा युवा ईरान सड़कों पर उतर आया है। नैतिक पुलिस ने पूरी क्रूरता दिखाई। लड़कियों के चेहरों पर छर्रे चलाए गए, ताकि उनकी सुंदरता खत्म हो जाए। उनके निजी अंगों पर पैलेटगन दागी गई, जिससे उन्हें इलाज कराना भी शर्म की वजह से कठिन हो गया। इतना ही नहीं, लगभग अस्सी लोगों को मृत्यु दंड की सजा सुनाई गई तथा ग्यारह लोगों को, जिनमें चार लड़कियां भी शामिल थीं, मृत्यु दंड दिया गया। बताया जाता है कि, इन विरोध प्रदर्शनों में सुरक्षा बलों की क्रूर कार्रवाई में पांच सौ से अधिक लोग मारे गए, जिनमें साठ बच्चे भी शामिल हैं। इसके बावजूद ईरान में 16 सितंबर 2022 से 2 दिसंबर तक लगभग सोलह सौ बड़े प्रदर्शन आयोजित हुए। ईरान इस्लामिक रिपब्लिक के 'कमांडर इन चीफ' होसैन अश्तरी ने आंदोलनकारियों को धमकी दी कि अभी तक हमने संयम बरता है, अब सख्ती बरतेंगे। यानी उनके लिए पैलेट गन चलाना और मृत्युदंड देना संयम की श्रेणी में आता है। इस सबके बाद भी आंदोलन शांत नहीं हुआ। एक कृत्रिम खबर फैलाई गई कि सरकार ने नैतिक पुलिस को भंग करने का फैसला किया है तथा उनतालीस साल पुराने हिजाब कानून को बदला जाएगा। यह खबर आंदोलन को भ्रमित कर वापस कराने की थी, पर जब इसका भी असर नहीं हुआ, तो फिर शासन और पुलिस अपने मूल पर वापस आ गई। हालांकि इसके बावजूद महिलाएं और युवा अपने आंदोलन पर डटे रहे। कुछ महिलाओं ने अपने हिजाब जला दिए, कुछ ने बाल काट लिए और अहिंसक आंदोलन जारी रहा। इसी बीच एक युवा समूह ने इस्लामिक राज्य के खिलाफ आवाज उठानी शुरू कर दी तथा कहा कि हम मजहबी राष्ट्र नहीं चाहते। दरअसल, उनका यह कहना ईरान की उस बेचैनी की अभिव्यक्ति है, जो वहां के आम युवा के मन में घूम रही है। अब युवा लोकतंत्र चाहता है, मुक्त जीवन चाहता है, मजहब के नाम पर अमानवीय बंधनों से मुक्ति चाहता है। लगभग तीन महीने से अधिक चले इस आंदोलन ने ईरान और दुनिया के मनों को हिलाया-डुलाया और बड़ी हलचल पैदा कर दी है। लाठी, गोली, यातना सहते-सहते आंदोलन में कुछ थकान आई है, पर शासन की निष्ठुरता और हठधर्मिता ने एक निराशा भी उनके मन में भर दी है। आंदोलनकारियों का एक हिस्सा निराश होकर घरों की ओर लौटा है। उनके मन में घोर हताशा और कुंठा है। अब यह निराशा और कुंठा भविष्य में क्या रूप लेगी, इसकी कल्पना अभी कठिन है। पर इतना तो तय है कि अगर सरकार ने अपने प्रचारित वादों यानी नैतिक पुलिस को भंग करने, हिजाब कानून वापस लेने के कदम नहीं उठाए, तो फिर एक और दौर आंदोलन का सड़कों पर दिखेगा। यह भी संभव है कि, हताश और कुंठित युवा हिंसा की ओर मुड़ें या कोई और खतरनाक रास्ता चुनें। दुनिया के एक बड़े हिस्से और आबादी ने प्रकट या अप्रकट रूप से इस आंदोलन को समर्थन दिया है। ईरान की युवा प्रगतिशीलता और कट्टर कानूनों के विरुद्ध चले आंदोलन ने वैश्विक सहानुभूति अर्जित की।

## नागरिक बोध

# अडाणी मामले में कीचड़ अभी तो विपक्ष उछाल रहा है, कहीं जनता भी ना उछालने लग जाये

**अडानी** समूह के तथाकथित भांडाफोड़ पर हमारी संसद का पूरा पिछला हफ्ता खप गया लेकिन अभी तक देश के लोगों को सारे घपले के बारे में कुछ भी ठोस जानकारी नहीं मिली है। हालांकि अडानी समूह ने सैंकड़ों पृष्ठों का खंडन जारी करके दावा किया है कि उसने कोई गलत काम नहीं किया है। उसका सारा हिसाब-किताब एकदम साफ-सुथरा है। भारत के रिजर्व बैंक ने भी नाम लिये बिना अपने सारे लेन-देन को प्रामाणिक बताया है लेकिन आश्चर्य है कि भारत सरकार से अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के भाषण पर हुई बहस का जवाब देते हुए हमेशा की तरह काफी आक्रामक भाषण दिया और कांग्रेस की लगभग मिट्टी पलीत कर दी लेकिन अडानी-समूह के बारे में उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला। यही बात शक पैदा करती है कि कहीं दाल में कुछ काला तो नहीं है? राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी पर कई गंभीर आरोप लगाए और मोदी-अडानी सांठ-गांठ के कई उदाहरण भी दिए लेकिन एक मूल बात पर ध्यान देना जरूरी है। वह यह कि भारत-जैसे देश में क्या आर्थिक उन्नति के लिए यह जरूरी नहीं है कि सरकार और उद्योगपतियों के बीच घनिष्ठ सामंजस्य बना रहे। पं. नेहरु की समाजवादी सरकार के दौरान भी टाटा, बिड़ला, डालमिया आदि समूहों की नजदीकी का पता किसे नहीं था? अडानी और अंबानी समूह कांग्रेस-राज के दौरान ही आगे बढ़े और मोदी-राज में अब वे दौड़ने भी लगे। दोनों समूह गुजराती हैं और हमारे दोनों भाई- नरेंद्र मोदी और अमित शाह- भी गुजराती ही हैं। इनका संबंध परस्पर थोड़ा घनिष्ठ और अनौपचारिक भी रहा हो सकता है लेकिन यह देखना बेहद जरूरी है कि इन उद्योगपतियों को आगे बढ़ाने में कहीं गैर-कानूनी हथकंडों का सहारा तो नहीं लिया गया है? ये गैर-कानूनी हथकंडे इसलिए भी आसान बन जाते हैं कि हमारी भ्रष्ट नौकरशाही को संबंधों की फुलझड़ी दिखाकर पटाना कहीं अधिक आसान होता है। अडानी-समूह को अरबों रु. का धक्का लगभग रोज़ ही लगता जा रहा है। यदि लाखों शेयरधारकों की गाढ़ी कमाई बहने लगी तो वह गुस्सा मोदी सरकार पर ही फूट पड़ेगा। विदेशी उद्योगपति और पूंजीपति भी प्रकंपित हो जाएंगे।

## देश दुनीया से

# भूकंप से बड़ा नुकसान ना हो, कैसे करें पक्का

**यह** समझना जरूरी है कि एजियन समुद्र के चारों ओर जो देश हैं- तुर्किये, सीरिया और ग्रीस- वे साइस्मेकली बहुत एक्टिव एरिया हैं। पूरा तुर्किये भूकंप के लिहाज से सक्रिय क्षेत्र है और वहां भूकंप अक्सर आते भी रहते हैं। हालांकि 7.8 तीव्रता का भूंकप 100 साल बाद आया है, लेकिन 5-6 तीव्रता वाला भूकंप आना यहां के लिए कोई बड़ी बात नहीं। हाल में जो भूकंप आया, वह ईस्ट एनाटोलियन फॉल्ट लाइन पर आया है, जो कि अरेबियन प्लेट के साथ जुड़ा हुआ है। अरेबियन प्लेट धक्का मार रहा है एनाटोलियन प्लेट को, जिसके कारण बहुत अधिक तीव्रता वाले भूकंप के इस एरिया में आने की हमेशा आशंका रही है। इसका परिणाम हमने पिछले कुछ दिनों में देखा है, जब इस क्षेत्र में 70 के करीब भूकंप आए। शहर नष्ट हो गए हैं और हजारों लोग मारे गए हैं। सवाल यह है कि क्या भूकंप इतना विनाशकारी होना चाहिए? क्या हम भूकंप से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं? दुनिया में सबसे अधिक भूकंप सक्रिय क्षेत्र जापान है। ऐसे में भूकंप से सबसे अधिक कहीं नुकसान हो सकता है तो जापान में हो सकता है। लेकिन जापानी समाज ने अपने आपको इस तरह से ढाला है, अपनी बिल्डिंगों को इस तरह से डिजाइन किया है, अपने लोगों को इस तरह से प्रिपेयर किया है कि बहुत बड़े भूकंप में भी वहां जान-माल का नुकसान ज्यादा नहीं होता। जैसे कि मार्च, 2022 में फुकुशिमा भूकंप। यह 7.4 तीव्रता का भूकंप था, लेकिन इसमें केवल तीन लोगों की मौत हुई और 247 घायल हुए। इन बड़े-बड़े भूकंपों में भी जरूरी नहीं कि इतनी अधिक हानि हो, अगर हम अपनी सोसायटी को जापान की तरह तैयार करें। पहले तो मानना पड़ेगा, 7.8 रिक्टर स्केल का जो भूकंप है, वह एक बड़ा भूकंप है। इसमें हानि होनी थी, लेकिन क्या इतने लोगों की जान जाने की जरूरत थी? इस बात को समझने की जरूरत है क्योंकि कुछ बिल्डिंगों के जो विडियो मैंने देखे हैं, उनसे लगता है कि उनका बहुत ही खराब निर्माण था, क्योंकि कई जगहों पर पूरी की पूरी बिल्डिंग एक साथ धंस गई है। ऐसा लगता है कि तुर्किये में भवन निर्माण के मानक बहुत सख्त नहीं हैं। जापान जितने स्ट्रॉन्ग तो बिल्कुल नहीं। इसी कारण हमें इतनी हानि देखने को मिली है। अब अगर अपने देश की बात करें तो हिमालयी क्षेत्र को भूकंप के झटकों के लिहाज से काफी संवेदनशील माना जाता है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि हिंदुकुश रीजन से यहां तक काफी बार भूकंप के झटके आ चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर के इलाके भी हिले हैं, जो भूकंप सक्रिय क्षेत्र है। इस जोन में रहने का क्या मतलब होता है भूकंप के लिहाज से? क्या हमारे यहां भी 7.8 रिक्टर स्केल जितना शक्तिशाली भूकंप आ सकता है? हमारे हिस्ट्री में 7-8 तीव्रता वाला भूकंप आ चुका है। कश्मीर में 2005 में जो भूकंप आया था, वह 7.6 रिक्टर स्केल का था। कच्छ, गुजरात का भूकंप जो 2001 में आया था वह 7.7 था। तो 7 और 8 की तीव्रता वाले भूकंप हमारे यहां भी आए हैं, लेकिन वे दशकों में आते हैं। जहां तक दिल्ली का सवाल है, दिल्ली जोन-4 में आता है। लेकिन कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार के कुछ स्थान जो नेपाल से सटे हुए हैं, वे और पूरा नॉर्थ-ईस्ट जोन-5 में। ये सबसे अधिक भूकंप संभावित एरिया हैं। यह भी समझना जरूरी है कि पिछले 20-30 साल से जितनी तेजी से हमने शहरीकरण किया है और जितनी तेजी से कंस्ट्रक्शन हुए हैं वह भी अहम है। ऐसे में भूकंप का असर जोन-5 और जोन-4 में काफी होगा। हमारे यहां बहुत गैरकानूनी कंस्ट्रक्शन भी होते हैं। बहुत सटी-सटी इमारतें हैं, पतली गलियां हैं।


7.8 तीव्रता का भूंकप 100 साल बाद आया है, लेकिन 5-6 तीव्रता वाला भूकंप आना यहां के लिए कोई बड़ी बात नहीं। हाल में जो भूकंप आया, वह ईस्ट एनाटोलियन फॉल्ट लाइन पर आया है, जो कि अरेबियन प्लेट के साथ जुड़ा हुआ है। अरेबियन प्लेट धक्का मार रहा है एनाटोलियन प्लेट को, जिसके कारण बहुत अधिक तीव्रता वाले भूकंप के इस एरिया में आने की हमेशा आशंका रही है। इसका परिणाम हमने पिछले कुछ दिनों में देखा है, जब इस क्षेत्र में 70 के करीब भूकंप आए। शहर नष्ट हो गए हैं और हजारों लोग मारे गए हैं। सवाल यह है कि क्या भूकंप इतना विनाशकारी होना चाहिए? क्या हम भूकंप से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं? दुनिया में सबसे अधिक भूकंप सक्रिय क्षेत्र जापान है। ऐसे में भूकंप से सबसे अधिक कहीं नुकसान हो सकता है तो जापान में हो सकता है। लेकिन जापानी समाज ने अपने आपको इस तरह से ढाला है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखंड

रांची, मंगलवार, 14 फरवरी 2023 | पेज 7


# 50 एकड़ में लगी पोस्ता खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** कुंदा पुलिस व वन विभाग तथा प्रतापपुर ने सँयुक्त रूप से अभियान चला पोस्ते की खेती को नष्ट किया। इस दौरान दो दिनों में 50 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। मरगड़ा गांव के वनक्षेत्र 26 व हेंदीयाकला गांव के वनक्षेत्र में 24 एकड़ में लगी पोस्ता खेती को आठ ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट किया गया। पोस्ता खेती माफियाओं द्वारा नदी किनारे व घने जंगल मे किया गया था जहां पुलिस व वन विभाग को पहुँच काफी कष्ट से गुजरना पड़ा।यह अभियान पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व उत्तरी वन क्षेत्र के डीएफओ राहुल कुमार मीणा के निर्देश पर चलाया गया। थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिला था कि उक्त गांव के वन क्षेत्र व कुछ निजी क्षेत्र में भारी मात्रा में पोस्ता खेती माफिया द्वारा लगाया गया है इसी के आलोक में वन विभाग व पुलिस के सँयुक्त रूप से अभियान चलाकर पोस्ता नष्ट किया गया। आगे उन्होंने ने बताया कि पोस्ता खेती को ड्रोन कैमरे के सहयोग से पोस्ता खेती को खंगाल कर नष्ट किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने पोस्ता के विरुद्ध ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। ग्रामीणों के साफ तौर पर कहा कि पोस्ता खेती करना कानून जुर्म के अलावे इससे मानव जीवन काफी हानिकारक है। क्षेत्र में पोस्ता खेती लगने होने के सूचना देने की बात कही है सूचना देने वालों की नाम गुप्त रखी जाएगी। इस मौके पर प्रभारी रेंजर जगरनाथ प्रसाद, प्रतापपुर रेंजर आरबी पासवान, प्रभारी वनपाल सुबोध सोनी, समेत सभी वन रक्षी, चौकीदार, जिला बल व सैट के जवान शामिल थे। **पोस्ता माफिया अभियान को रोकने रास्ते को कर रहे है अवरुद्ध, जमीन में लगा रहे है कील :** पोस्ता के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते देख माफिया में हड़कंप मचा है।अभियान को रोकने के लिये पोस्ता माफिया द्वारा सड़क पेड़ गिराकर अवरुद्ध के अलावे अभियान में शामिल वाहन के टायर को पंचर करने हेतु जमीन में कील(कांटी) लगाकर पंचर कर दिया जा रहा है।रविवार को अभियान से लौट रहे ट्रैक्टर के बिचले टायर में तीन बड़ी कील(कांटी) घुस जाने से पंचर हो गया जिसके कारण काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बिक रही है शराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** प्रखण्ड मुख्यालय के पत्थलगडा चौक स्थित उत्पाद विभाग की ओर से बंदोबस्ती के आधार पर संचालित शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक दर पर शराब की बिक्री की जा रही है। यह सिलसिला काफी दिनों से चल रहा है। यहां सेल्समेन के द्वारा शराब व बियर के सभी ब्राण्डों में 10 से 20 रुपये अधिक कीमत ली जा रही है। प्रिंट मूल्य से अधिक दाम लिए जाने को लेकर आए दिन शराब दुकान पर सेल्समेन व ग्राहकों के साथ नोकझोंक होते रहती है। शराब दुकान के सेल्समेन द्वारा विभाग के किसी भी आदेश को साफ तौर पर नकारने का कार्य किया जा रहा है। मालूम हो कि इस शराब दुकान में शराब के बोतलों के बिना स्कैन किये ही बेचा जाता है।

## कैच मशाला और कनहर सरसो तेल की गुणवत्ता पर दुकानदारों के साथ की गयी बैठक



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में कैच मशाला के उत्पादक एवं कनहर सरसों तेल के उत्पादक ने संयुक्त रूप से प्रखण्ड के दुकानदारों एवं कुकमेंन के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कैच मशाले और कनहर सरसों तेल की घरेलू खानपान से लेकर पार्टी, शादी विवाह तक अच्छी गुणवता एवं स्वाद को लेकर मौजूद दुकानदारों से लेकर कुकमेनों को बताई गयी। कैच मशाले के सीएमडी सुजीत मजूमदार ने बताया कि हमारा कम्पनी 2001 में बाजार में आयी थी जो पहली बार एक करोड़ का बिजनेश की थी। अभी एक हजार करोड़ की बीजनेस कर रही है। वहीं कनहर के सीएमडी बिरजू सिंह ने बताया कि हमारा कनहर सरसो तेल बलकुल शुद्ध है। यह डेमोटांड़ में कच्ची घानी से पेराई किया जाता है। और किसी तरह का कोई रसायनिक मिलावट नहीं की जाती है। मौके पर मनोज सिंह, दीपू सिंह, संदीप कुमार, सुजीत कुमार, प्रकाश कुमार के अलावे प्रखण्ड के दुकानदार, व कुकमेंन शामिल थे।

## स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बंद होने से बच्चों की उपस्थिति में आई कमी

**मयूरहंड, चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत आनेवाले सरकारी स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए रीढ माना जाता है। लेकिन इन दिनों प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति में अमूमन कमी देखा जा रहा है। विद्यालयों में स्कूली बच्चों की उपस्थिति में कमी आने के कारण एमडीएम का बंद होना बताया जा रहा है। गौरतलब हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों में अधिकांश परिवारों के बच्चे पढ़ाई करते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होता है और भी अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ने भेजते हैं जहां पर बच्चों को दोपहर में पौष्टिक आहार दिया जाता है लेकिन वह बीते कुछ दिनों से बंद है जिसके कारण विद्यालयों में गरीब तबके के बच्चे विद्यालय तक नहीं आ रहे हैं।शिक्षा में गुणवत्त शिक्षा को लेकर सरकार लाख प्रयास कर ले लेकिन मध्यान भोजन बंद होने के बाद विद्यालयों में बच्चों की अनुपस्थिति साफ तौर पर देखा जा रहा है।

# पांडु पुलिस चौकन्ना, चारो तरफ की जा रही है गश्ती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडु, पलामू :** जिले के पांडू थाना अंतर्गत विभिन्न गांवों में पांडू पुलिस के द्वारा लगातार गस्ती किया जा रहा है. ताकि पांडु को शांतिप्रिय बनाए रखने में किसी प्रकार का कोई बाधा उत्पन्न ना हो। बताते चलें कि जिस दिन से पांडु के नए थाना प्रभारी पवन कुमार ने पांडू थाना का कमान संभाला था उसी दिन उन्होंने कहा था पांडू को शांतिप्रिय बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिलने लगा है। पांडू पुलिस हर गांव एंव चौक चौराहों पर गस्ती करती नजर आ रही हैं। बैंक, व्यवसायिक संस्थान, आदि पर विशेष चौकसी बनी हुई।

# मुखिया और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ने आम राहगीरों से किया आग्रह, दंदाहा में वाहन चलाएं धीरे





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** करमा पंचायत के मुखिया सह समाजसेवी रामनाथ यादव और पंचायत के पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नीरज प्रसाद महतो उर्फ मनोज दांगी ने सोमवार को प्रभात मंत्र के जरिए आम राहगीरों से हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर स्थित दंदाहा के तीखे मोड पर वाहन धीरे चलाने की आग्रह किए।मुखिया रामनाथ यादव ने कहा कि वाहन चलाते समय असावधानी बरतने के कारण तीखे मोड़ पर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं जिसके कारण लोगों को अपनी जान देकर बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। सड़क पर हादसे को रोकने के लिए वाहन को धीरे चलाने की जरूरत है वहीं दूसरी तरफ पंसस प्रतिनिधि ने कहा आज के दौर में युवा वर्ग वाहन चलाते समय यह भूल जाते हैं की जिंदगी भी कोई चीज है या फिर घर में छोटे-छोटे बच्चे मां-बाप और पत्नी इंतजार कर रही है। ऐसा कुछ भी नहीं सोचते हैं और तेज गति से वाहन को चलाते हैं और फिर असंतुलन होकर बड़े हादसे का शिकार हो जाते हैं जिसमें जान जाने के सिवा दूसरा कोई विकल्प नहीं बचता है। इक्का-दुक्का जो बच जाते हैं उनकी जिंदगी बिल्कुल नरक सी बन जाती है।द्वय जनप्रतिनिधियों ने कहा हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर स्थित दंदाहा का तीखा मोड जानलेवा हो गया यह कहना बिल्कुल गलत होगा क्योंकि वाहन चलाते समय हम थोड़ी सी भी ट्रैफिक रूल्स का पालन नहीं करते हैं। प्रभात मंत्र द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में द्वय प्रतिनिधियों ने कहा सड़कों पर हजारों लोगों को वाहन चलाते हुए देखा सकता है जिनके सिर पर हेलमेट नहीं होता है।आपको बता दें कि हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर स्थित दंदाहा के तीखे मोड को लोग अब भूतिया घाटी कहने लगे हैं ऐसा इसलिए कि सप्ताह दिन 15 दिन महिना दिन या फिर छह माह होते-होते किसी न किसी की सड़क हादसे में इस जगह पर मौत हो जाती है।बहरहाल चाहे जो भी हो वाहन चलाते समय हम सभी को हर हाल में ट्रैफिक रूल्स का पालन करना ही चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का यही एकमात्र विकल्प है।

## शहीद के पोती के विवाह में सहयोग किए सिमरिया विधायक



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सन 1971 के भारत पाक युद्ध में मातृभूमि के लिए शहीद होने वाले जिला-चतरा, प्रखंड-टण्डवा, पंचायत-बहेरा, ग्राम-खंधार के शहीद माइकल मिंज की पोती के विवाह में दहेज हेतु सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास ने दिवान पलंग, गोदरेज, एक सेट पित्तल का बर्तन एवं एक क्विंटल चावल का सहयोग कर मानवता का मिसाल पेश किए है। मालूम हो कि 1971 में परमवीर अल्बर्ट एक्का को बचाने के क्रम में शहीद हुए थे माइकल मिंज। आज से कुछ महीने पूर्व ही विधायक श्री दास ने इसी बच्ची को दी थी साईकिल। इस मौके पर कई लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की कस्तूरबा विद्यालय से संबंधित जिला चयन समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज कस्तूरबा विद्यालय से संबंधित जिला चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में कस्तूरबा विद्यालयों में रिक्त गणित और शारीरिक शिक्षा विषय के शिक्षकों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और शिक्षकों के चयन के लिए लिखित परीक्षा आयोजित कोई जाने का निर्णय लिया गया। परीक्षा आयोजन के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित किये जाने का निर्देश दिया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक भी होंगे। परीक्षा के तिथि संबंधी निर्णय समिति द्वारा लिया जाएगा। आज की बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, श्रम अधीक्षक और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालूमाथ : अंबेडकर आवास में घपला व घोटाला

➲बिहार के रहने वालों को मिला लाभ

➲दो मंजिला व नौकरी वालों को भी दिया गया लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड में इन दिनों भ्रष्टाचार का बोलबाला चरम पर है। अंबेडकर आवास के तहत मिलने वाले हरिजन आदिवासी के हक पर डाका डालते हुए प्रखंड प्रशासन ने बिहार के रहने वालों को इसका लाभ बालूमाथ में दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 -23 में 37 लोगों को अंबेडकर आवास के लाभुकों का चयन किया गया है। जिसमें बालूमाथ पंचायत में मात्र एक लाभुक का चयन अमिता सिन्हा पति स्वर्गीय रंजीत सिन्हा का किया गया है अमिता सिंहा बिहार की रहने वाली है तथा कुछ वर्ष पूर्व यहां आकर किराए के मकान में रह रही है। लेकिन प्रखंड प्रशासन द्वारा बालूमाथ पंचायत में एक दर्जन से ज्यादा गरीब असहाय हरिजन विधवा लोगों को नजरअंदाज करते हुए एक समान्य जाति के बिहार की रहने वाली महिला को इसका लाभ दे दिया गया। यही नही ओकिया ग्राम में में खाजो देवी पति स्वर्गीय रामदेव गोप को इसका लाभ दिया गया है रामदेव की मृत्यु लगभग 2 वर्ष पूर्व हुई थी वे पारा शिक्षक के पद से रिटायर हुए थे। तथा इनका ओकिया में पक्का मकान है जबकि उनका एक पुत्र बालूमाथ में दो मंजिला मकान का मालिक है व ट्रक का भी मालिक है जबकि दूसरा पुत्र रेलवे में नौकरी करता है। लेकिन ओकिया पंचायत में दर्जनों पीड़ित असहाय बिधवा महिला होने के बावजूद संपन्न लोगों को इसका लाभ दिया गया है। इस तरह हरिजन-आदिवासी को मिलने वाले लाभ में दो सामान्य जाति के लाभुकों का चयन एवं 9 ओबीसी जाति के संपन्न परिवारों को इसका लाभ दिया गया है। अंबेडकर आवास निर्माण कराने की योजना 14 अप्रैल 2016 को सरकार द्वारा बनाई गई थी जिसके तहत यह स्पष्ट निर्देश है कि जिस व्यक्ति का मासिक आय ?5000 एवं एक कच्चा कमरा का मकान हो एवं वैसे लाभुकों का चयन करना है जिनके घर का मुखिया पति की मौत आपदा से हुई है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि सभी चयनीत लाभुको में आपदा सें हुए मौत का एक भी चयन नहीं हुआ है ।वही बालुमाथ प्रखंड प्रशासन द्वारा 37 लोगों को किए गए चयन में आधा से अधिक लोगों का लाभ संपन्न व्यक्तियों को दे दिया गया है। ज्ञात हो कि अंबेडकर आवास योजना एक लाख तीस हजार रुपये में बनाई जाती है तथा चयनित लाभुकों को प्रथम किस्त ?40000 भुगतान भी कर दिया गया है। अंबेडकर आवास के लाभुकों का चयन वीडियो के देखरेख में की जाती है एवं लाभुकों का आवास देने से पूर्व ग्रामसभा कराने का नियम है। एवं इसका अनुमोदन सीधे उपायुक्त करते हैं। बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने कहा कि अंबेडकर आवास चयन की मुझे कोई जानकारी नहीं है ना ही मेरे द्वारा कोई ग्रामसभा कराया गया है। किस परिस्थिति में बिहार के व्यक्ति को लाभ दिया गया है यह प्रखंड प्रशासन ही बता पाएगा।

## नेहरू युवा केंद्र ने कराया खेल कूद का आयोजन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सरना स्थल, पोखराहा कला मेदिनीनगर में नेहरु युवा केन्द्र पलामू के तत्वधान में आयोजित ज़िला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उपमहापौर नगर निगम मेदिनीनगर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह)। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपमहापौर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए खेल में हार जीत लगा रहता है पर खेल में अनुशासन के साथ खेलने से खेल का महत्व बढ़ जाता है। साथ ही उन्होंन नेहरु युवा केंद्र पलामू द्वारा कराए जा रहे इस खेल कूद प्रतियोगिता के लिए सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री अजित कुमार युवा अधिकारी, अर्जुन सिंह, ज़िला परिषद प्रतिनिधि, आनंद कुमार मुखिया प्रतिनिधि सरजा पंचायत, रविन्द्र सिंह मुखिया प्रतिनिधि ओरिया, प्रतिमा देवी पंचायत समिति जमुने, सुनील उरांव सरना समाज उपाध्यक्ष, सतीश तिवारी पूर्व सदस्य , मुनेश्वर साहू पूर्व सदस्य, अमरीका विश्वकर्मा समाज सेवी जोड़, नरेंद्र कुमार मेहता जोड़ मुखिया प्रतिनिधि, सहित नेहरू युवा केन्द्र के सभी पदाधिकारीगण, सभी खिलाड़ीगण, गणमान्य लोग सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में पहली बार किया गया प्रत्यक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र में चतरा एवं गिद्धौर प्रखण्ड में ड्रोन के माध्यम से किटनाषी, ब्याधिनाषी एवं सुक्ष्म पोषक तत्वो का प्रत्यक्षण सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए इंजि. विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है और क्षेत्रफल के हिसाब से सातवां बड़ा देश। ऐसे में इतनी बड़ी आबादी को अन्न सुरक्षा देना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसलिए जरूरी है कि पारंपरिक खेती की बजाय आधुनिक और तकनीकी खेती का विस्तार हो। खेती की बढ़ती लागत और प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी किसानों को खेती से नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में ड्रोन जैसी टेक्नोलॉजी के जरिए की गई प्रिसिजन फार्मिंग देश के किसानों को बेहतर विकल्प दे सकती है। ड्रोन का इस्तेमाल कर किसान लागत में कमी और समय की बचत कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। पारंपरिक तरीके से कीटनाशकों का छिड़काव करने से हेल्थ पर इसका इफेक्ट पड़ता है लेकिन ड्रोन के इस्तेमाल से इससे बचा जा सकता है। केंद्र सरकार एग्रीकल्चर में ड्रोन के इस्तेमाल पर फोकस कर रही है। इसके जरिए सरकार खेती को हाईटेक बनाना चाहती है। सरकार का मानना है कि ड्रोन के इस्तेमाल से किसानों के समय की बचत होगी और लागत में भी कमी आएगी। उन्होनें कहा कि किसान ड्रोन में कीटनाशकों और पोषक तत्त्वों से भरा एक मानवरहित टैंक होता है। ड्रोन में लगभग 5 से 10 किलोग्राम की उच्च क्षमता मौजूद होती है। ड्रोन द्वारा सिर्फ 15 मिनट में करीब एक एकड़ ज़मीन पर 5 से 10 किलोग्राम कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकेगा। इससे समय की बचत होगीए कम मेहनत में छिड़काव समान रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ0 रंजय कुमार सिंह ने कहा कि कृषि ड्रोन खेती के आधुनिक उपकरणों में से एक हैए जिसके इस्तेमाल से किसानों को काफी मदद मिल सकती है। ड्रोन से बड़े क्षेत्रफल में महज कुछ मिनटों में कीटनाशकए खाद या दवाओं का छिड़काव किया जा सकता है। इससे न सिर्फ लागत में कमी आएगी बल्कि समय की बचत भी होगी। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि सही समय पर खेतों में कीट प्रबंधन किया जा सकेगा। उन्होनें बताया कि कि यह किसानों को परंपरागत खेती से छुटकारा तो दिलाएगा। साथ ही इससे किसानों को समय की भी काफी बचत होगी। श्री सिंह ने कहा कि ड्रोन बहुत कम समय में पूरे खेत में दवा व उर्वरक का छिड़काव कर सकता है। इससे 20 मिनट में 3-5 एकड़ खेत में छिड़काव किया जा सकता है। यानी 10 मिनट में एक एकड़ खेत में आसानी से छिड़काव हो सकता है। इसमें 10 लीटर की टंकी लगी हैए जो एक बार में एक एकड़ में लगी फसलों पर छिड़काव कर सकती है। जितनी बार इसकी टंकी खाली होगी अपने आप वापस आकर फिर दवा का घोल भर जहां से छोड़ा है, वहां पहुंच फिर आगे छिड़कने का कार्य करने लगेगा। एक सेंटीमीटर का भी अंतर नहीं आएगा। किसान धूप में कहीं छायादार जगह पर बैठ एक किमी तक अपने खेत में दवा खाद का छिड़काव कर सकते हैं। इसमें लगने वाले मजदूर की जरूरत नहीं है। दवा छिड़काव से स्वास्थ्य पर पड़नेवाले हानिकारक प्रभाव से बचा जा सकता है। छिड़काव के दौरान खेतों में मौजूद जहरीले जंतुओं से बचा जा सकेगा। सुरक्षा की दृष्टि से इसमें हाइलेवल सेंसर व कैमरे लगे हैं। यह अपने आसपास तार व पेड़ को 25 मीटर पहले ही देख लेता है और उससे बचकर निकल लेता है। इसमें लगा सेंसर खेतों में नमी के साथ पौधों में लगने वाले रोगों को भी पहचान लेगा। साथ ही इसके माध्यम से आप अपने लैंड को भी माप सकते हैं। श्री सिंह ने कहा कि यह प्रत्यक्षण चतरा जिले के सभी प्रखण्डों में किया जायेगा। प्रशिक्षण सह प्रत्यक्षण कार्यक्रत में कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के उपेन्द्र कुमार सिंह, मो जुनैद आलम, अभिशेक घोश, नवल किशोर, अभिजित घोष, किशोरी कान्त मिश्र, नेपाल ठाकुर, बसंत ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय श्री श्री 108 श्री रुद्रमहायज्ञ का कलश स्थापन किया गया मुख्य अतिथि हुए जिला उपाध्यक्ष

## 1001 श्रद्धालु लिया कलश भक्तिमय हुआ पूरे पंचायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत कटघरा गांव में शिव मंदिर में पांच दिवसीय श्री श्री 108श्री रूद्रमहायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को कलश स्थापन के साथ शुरुआत किया गया। जहां मुख्य अतिथि चतरा जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी सम्मिलित हुए। 1001 भोलेनाथ के श्रद्धालुओं ने लिया कलश एवं कलश स्थापन के साथ पूरे पंचायत भक्ति में हुआ मग्न लोग पूरे उत्साहित दिख रहे हैं। बताते चलें कि शिव शंकर भोलेनाथ का मंदिर को दुल्हन की तरह सजा धजा कर लोगों ने बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है जैसे नारा लगाते हुए कलश में जल भरने के लिए बड़की नदी गए। यहां आचार्य उमेश पांडेय एवं कैलाश पांडेय ने मंत्रों उच्चारण के साथ कलश में जल भरवाए। और जल उठा कर जपुआ शिव मंदिर गिद्धौर सूर्य मंदिर बटेश्वर शिव मंदिर ठाकुरबाड़ी मंदिर रामेश्वर शिव मंदिर कौलेश्वरी शिव मंदिर भ्रमण करते हुए कलश रामनगर कटघरा शिव मंदिर में स्थापित किया गया। जिसमें 8 प्रधान कलश सम्मिलित हैं। प्रधान कलश लेने वाले शिवनाथ दांगी जोगेन्दर दांगी जवाहर दांगी द्वारका दांगी टिंको महतो राजेंद्र दांगी जामुन महतो विनोद दांगी का नाम शामिल है। यज्ञ प्रारंभ होने के बाद से रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम भी सुरवात कीया जाएगा ।जहां रामायण महाभारत शिव पुराण गीता उपदेश जैसे अनेकों धर्म कथाएं की जानकारी लोगों के बीच बताया जाएगा। जग में सम्मिलित भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी शिक्षक देवचरण दांगी पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी मुखिया निर्मला देवी सत्येंद्र कुशवाहा चंदा कुमारी कुशवाहा दांगी समाज के अध्यक्ष महावीर दांगी कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी सचिव शिव कुमार दांगी एवं कोषाध्यक्ष आशीष कुमार के साथ-साथ सैकड़ों भोलेनाथ के भक्त जन कलश यात्रा में सम्मिलित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आज पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करें : जैन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 14 फरवरी 2019 यह एक ऐसा दिन जो पुरे भारत में सभी के आंखों में आसूं दे गया। इसी दिन पाकिस्तान समर्थित आंतकवादी के नापाक इरादे मनसुबे पर सफल रहा। कश्मीर के पुलवामा हमले में हमारे 40 जवान शहीद हुए साथ ही कई जवान गंभीर रुप से घायल हुए। इसी नम अभिव्यक्ति के साथ हजारीबाग के समाजसेवी चंद्रप्रकाश जैन ने संपूर्ण भारत एवं अपने हजारीबाग के आम जनता से अपील करते हुए कहा कि 14 फरवरी को प्रेम दिवस यानि वैलेंटाइन डे ना मनाये बल्कि पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अभिव्यक्ति जाहिर की। उन्होंने कहा आज दुनिया भर में जहां लोग प्यार के नशे में डूबे हुए अपने प्यार का इजहार करने में लगे हैं वहीं भारत में उन शहीदों को याद भी किया जाये जो 14 फरवरी पर पुलवामा हमले में शहीद हो गए थे साथ ही साथ श्री जैन ने कहा कि देश पर हुए इस भीषण और कायराना हमले में सेना के 40 जवान शहीद हो गए थे। इस आतंकी हमले ने देश ही नहीं बल्कि दुनिया को हिलाकर रख दिया।

### बाबा बुच्चा बांध वार्षिक महोत्सव धूम धाम से मनाया गया

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जरूरत है सभी सनातनी मिलकर अपने सभी धार्मिक स्थल को सुरक्षित रखने की। उसके विकास के प्रति हम जो भी कर सकते हैं वो करे।आपके परिकल्पना में ये बात रहनी चाहिए कि धर्म अगर नहीं रहेगा तो हम अनुयायियों की क्या स्थिति बनेगी ढ्ढउक्त बातें बाबा बुच्चा बांध वार्षिक महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आये हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल ने कहींढ्ढ महोत्सव का शुभारंभ बाबा बुच्चा बाँध के पूजारी करमा पाहन और प्रेम पाहन के द्वारा बुच्चा बाबा कि विधिवत पूजा अर्चना कर ग्यारह बकरे कि बलि देकर की गई। तत्पश्चात समिति के अधिकारीयों एवं सुरकरहूटू कांके रांची से आये ढोल नगाडे के समुह और नागपुरी संस्कृतिक दल रांची कि टीम द्वारा पूरे गाजे बाजे के साथ एवं बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत भगत सिंह चौक में किया गया ढ्ढ वहीं मुख्य अतिथि सदर विधायक ने बाबा बुच्चा बांध के मुख्य द्वार का उद्घाटन नारियल फोड़कर एवं फीता काट किए ढ्ढ मुख्य अतिथि के संबोधन बाद समिति के अधिकारीयों द्वारा क्षेत्र के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ढ्ढ मौके पर समिति के संयोंजक मुनीलाल सिंह,संतोष गुप्ता, महेश प्रसाद,अध्यक्ष गुलशन कुमार सिंह,सचिव सरोज प्रसाद,कोषाध्यक्ष महानंद सिंह,उपाध्यक्ष सुशील सिंह, उपाध्यक्ष उदय अग्रवाल,सचिव महेंद्र गोप,उपसचिव नारायण प्रसाद साह, उपकोषाध्यक्ष रवि दत्ता,पूर्व पालू पंचायत मुखिया गंगाधर महतो,भीम ठाकुर,पप्पू सिंह,पप्पू प्रसाद,मुकेंदर सिंह,सुभाष साहू,नागेंद्र प्रसाद,अनिल कुमार,रंजीत मुंडा आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण, तैयारियों का जायजा लिया, दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ का निरीक्षण किया। मौके पर सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के तहत ईवीएम के द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में ईवीएम के कमिश्निंग कार्यों के मद्देनजर की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सुश्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ईवीएम के कमिश्निंग का कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सुश्री मिश्रा ने 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के तहत 27 फरवरी को होने वाले मतदान के मद्देनजर 26 फरवरी को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ से मतदान पदाधिकारियों को रवाना करने के तहत की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने डिस्पैच एरिया, पार्किंग एरिया आदि का जायजा लेते हुए डिस्पैच के दिन सफलतापूर्वक कार्य संपन्न करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इन सबके अलावा सुश्री मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे के साथ 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए जाने वाले बज्रगृह व मतगणना केंद्र हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।इस दौरान वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद जनता की समस्याओं से हुई रूबरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने प्रत्येक सोमवार की भांति कल भी पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में जनता की समस्याओं से रूबरू हुईं। विधायक ने कहा कि जनता कि समस्याओं का निदान करना ही पहली प्राथमिकता है ढ्ढ जनता को समस्याओं के लिए भटकना ना पड़े इसलिए मैं हर सोमवार को विधायक आवासीय कार्यालय में सुबह से लेकर दोपहर 1ः00 बजे तक जनता के समस्याओं से रूबरू हो रही हूं और तत्काल जनता की समस्याओं को निराकरण करने का काम कर रही हूं। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओं को विधायक के पास रखी जो कार्य तत्काल होने लायक थी उसे त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादन करने का काम की। मुख्य रूप से उपस्थित विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,जयंत तूरी,योगेंद्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद,कमलेश राम,इमरान अंसारी,रमेश बेदिया,मोबिन खान, प्रदीप साव,हरिदास साव,रामशरण गिरी,निर्मला देवी,सोनी देवी, समीउल्लाह अंसारी,प्रदीप महतो, अशोक प्रसाद,सोनू अंसारी,जितेंद्र कुमार एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक जागरूकता एवं राजनैतिक चेतना से होगा विश्वकर्मा समाज का विकास : सीपी सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज द्वारा विश्वकर्मा जयन्ती समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को स्थानीय विधानसभा सभागार, रांची में आयोजित किया गया। बैठक में झारखण्ड के सभी जिलों से जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शामिल हुए। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा तथा मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सांसद दीपक प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सीपी सिंह शामिल हुएं। बैठक में मुख्य रूप से राँची के मोरहाबादी मैदान में होनेवाली विश्वकर्मा अधिकार रैली की तैयारी को लेकर विमर्श किया गया।अपने संबोधन मे राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। विधायक सीपी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा एवं राजनैतिक जागरूकता से ही समाज का विकास सम्भव है। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि राँची के मोरहाबादी मैदान में होगी विश्वकर्मा अधिकार रैली जिसमें पुरे झारखण्ड से लाखों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे।

## जिला तैलिक समाज का होली मिलन 26 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** जिला तैलिक समाज का जवाहर कंपलेक्स सिटी लाइफ में रविवार की देर शाम एक बैठक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मंच संचालन जिला महासचिव ओरिया के नारायण साहू ने किया। बैठक में जिला तैलिक समाज द्वारा होली मिलन समारोह 26 फरवरी को तय किया गया है। होली मिलन समारोह से पूर्व 19 फरवरी को खीरगांव धर्मशाला में एक और बैठक आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में होली मिलन समारोह से संबंधित चर्चा होगी। बैठक में होली मिलन समारोह कार्यक्रम को किस प्रकार आयोजित की जाएगी इसका खाका भी तैयार होगा। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि होली मिलन समारोह तैलिक समाज बरसों से मनाते आया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। वहीं जिला महासचिव नारायण साहू ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमें दोस्तों के साथ साथ दुश्मनों को भी आमंत्रित कर होली मिलन किया जाता है। उसी प्रकार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह पूरे समाज के साथ मिलजुल कर बनाया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष अजय साव, उपाध्यक्ष रामचंद्र साव, विशेश्वर साहू, खीरगांव अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, शिला साहू, प्रभात कुमार, दशरथ साव, शिला देवी, नारायण साव, शिवनाथ साव, मीडिया प्रभारी हेमराज साव, सोमार साहू, उदय कुमार साव, शैलेश कुमार, आर के साहू, नागेश्वर साहू सहित कई अन्य उपस्थित हुए।

## इंडियन मुस्लिम लीग ने झापा को समर्थन दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** झारखंड़ पार्टी रामागढ़ उपचुनाव में मजबूती से अपने प्रत्याशी संतोष कुमार महतो के समर्थन में लगातार जनसमर्थन कर रहे है , इसी क्रम में रामगढ़ उपचुनाव में इंडियन मुस्लिम लीग ने झारखंड पार्टी को अपना समर्थन दे दिया है। रामगढ़ के होटल मिलन में एक वार्ता आयोजित की गई इस प्रेस वार्ता में इंडियन मुस्लिम लीग के प्रदेश महासचिव शानुल हक ने इसकी घोषणा की । वही झारखंड पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक भगत ने कहा कि रामागढ़ उपचुनाव में हमारी पार्टी जरूर जीतकर फिर एक बार झारखंड में इतिहास बनाएगी क्योकि हमारी पार्टी दलितों , वंचितों , शोषितों ,अल्पसंख्यकों, की हक की बात करती है और हमने शुरू से युवाओं के शिक्षा और रोजगार के लिए संघर्षशील रही है, और रामागढ़ उपचुनाव में हमने एक युवा क्रांतिकारी युवा को चुनावी मैदान में उतारा है, और जिसको आज सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश महासचिव शानुल हक ने कहा कि आज मुसलामानो को कॉग्रेस वोट बैंक की तरह देखती है लेकिन इसके हितों की बात नही करती इसलिए हमलोगों ने झारखंड पार्टी को समर्थन दिया है क्योकि दोनो प्रत्याशी आजसु या कांग्रेस की बात की जाय दोनो में परिवार बाद हावी है पत्नी के बदले पति और पति के बदले पत्नी को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

## आमसभा में नही पहुंचे अंचल कार्यालय के अधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** अंचल अधिकारी बड़कागांव के पत्रांक संख्या 122 पत्र हस्तांतरण तिथि 25 जनवरी 2023 के आलोक में प्रखंड के ग्राम बलोदर में निजी कोल खनन कंपनी के लिए गैरमजूरवा जमीन हस्तांतरण को लेकर आम सभा का आयोजन सोमवार को होना था। आम सभा के विरोध में सैंकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष 10 बजे से ही बीच सड़क पर बैठ कर प्रदर्शन कर रहे थे। चिलचिलाती धूप में ग्रामीण विरोध प्रदर्शन के लिए डटे रहे। हालांकि आमसभा के लिए अंचल कार्यालय से कोई भी अधिकारी बलोदर गांव नहीं पहुंचे। अंचल कार्यालय के अधिकारियों के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई। ग्रामीणों ने कहा के ये हमारी जीत है। हम किसी भी कोयला खनन कंपनी को अपनी जमीन नहीं देंगे।

## आजसू छात्र संघ नगर परिषद कमेटी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में आजसू छात्र नगर परिषद कमेटी बैठक रखी गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो व संचालन महासचिव शिवम पिलई ने किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पीयूष चौधरी ने कहा अगामी 27 फरवरी को होनेवाले उपचुनाव में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी सुनीता चौधरी को क्रम संख्या 2 केला छाप में मतदान करने को कहा।साथ ही आजसू छात्र संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर होने वाले रामगढ उपचुनाव पर विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिया गया कि इस उपचुनाव में छात्र संघ दमदार उपस्थिति दर्ज करवाएगी एवं सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को ऐतिहासिक जीत दिलवाने के संकल्प लिया। मौके पर आजसू छात्र संघ नगर परिषद वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार,धर्मवीर कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष, ऋषभ कुमार, अकाश कुमार, प्रकाश कुमार,अजय आस्था, विक्की कुमार, मनीष कुमार महतो, मीडिया प्रभारी विक्की कुमार, जगदेव कुमार आदि लोग उपस्थित हुए।

## सहिया दीदियों को मिला आजसू का समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के आह्वान पर बड़कागांव प्रखंड सहिया संघ के द्वारा 12 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरणा 23 जनवरी से बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। धरणा प्रदर्शन कर रही सहिया दीदियों को समर्थन देने के लिए बड़कागांव प्रखंड आजसू कमिटी के कार्यकर्ता प्रदर्शन स्थल पहुंचे। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा सहित अन्य कमिटी के लोगो ने पहुंचकर उक्त आंदोलन को गति देने की बात कही। मौके पर आजसू नेता संदीप कुशवाह ने कहा कि पूरा आजसू पार्टी आप लोग के साथ है। हम पूरा आजसू पार्टी के कार्यकर्ता आप सभी सहिया दीदियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार है। सरकार जब तक आप सभी के मांगों को नहीं पूरा करता तब तक इस धरने को आजसू पार्टी सहयोग करेगा। आगे उन्होंने कहा कि सरकार को इनकी हर मांगों को जल्द से जल्द पूरा कर देना चाहिए क्यूंकि कि हड़ताल में रहने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गया है। लोगों को टीका दिलवाने में भी समस्या हो रहा है। सहिया साथियों की सभी मांगे जायज है। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष विमला देवी, सचिव मंजू देवी, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, तुलेश्वर राम, सुरेश महतो, सुशीला देवी, मीरा कुमारी, राधिका मेहता, गीता देवी, रीना देवी, तरन्नुम आरा, चांदनी देवी, रीता देवी, अभिलाष देवी, ममता देवी, शांति देवी, मंजू देवी, पिंकी देवी, कांति देवी, रूबी देवी, बीना देवी सहित सैकड़ों सहिया उपस्थित थी।

## बजरंग महतो के समर्थन में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ कुंदरु कला पंचायत के महथा बगीचा में कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई, जिसमें कुंदरुकला और बारलोंग दोनो पंचायत के महागठबंधन के सक्रिय कार्यकर्त्ता शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमारे विधानसभा के प्रत्याशी बजरंग महतो शामिल हुए। कार्यकर्म का संचालन हीरा लाल महतो ने किया। विशिष्ट अतिथि बिरेन सिंह, शंभु बेदिया, शंकर करमाली शामिल हुए। कार्यकर्म में उपस्थित सक्रिय सदस्यों ने महागठबंधन की प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया। साथ ही मुख्य अतिथि बजरंग महतो ने कहा दो साल कोरोना में गुजरने के बाद भी एक ही साल में ममता देवी के द्वारा जो काम हुआ क्षेत्र में उससे डर कर विपक्ष ने जो साजिश रच कर हमारे बिधायक को फसा कर जेल भेजने का काम किया है और अपने मां से एक दूध पीता बच्चा को अलग करने का काम किया है इससे जनता इस उपचुनाव में जालसाजी करने वाले को मुंहतोड़ जबाव देगी साथ ही कहा की विधायक ममता देवी को जनता की हक की लड़ाई लड़ने के कारण ही फसाया गया है इसे जनता समझ चुकी है।कार्यकर्ताओं को एक एक लोगो के बीच में जा कर बताना है कि ममता देवी विधानसभा में हमारी पहचान 1932 के खतियान के लिए जो आवाज बुलंद की थी और हमारी सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में और किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देना है।

## सीपीआई माले व मासस ने बजरंग महतो को समर्थन दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** गोला गुनगुन पैलेस में सीपीआई माले व मासस के वारियो पदाधिकारियों ने महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के साथ बैठक कर नैतिक समर्थन किया। जिसमें मुख्य रूप से देवकीनंदन बेदिया वीरेंद्र ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे साथ ही उन्होने कहा की हमलोग हमेशा जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए इसी लिए महागठबंधन प्रत्याशी को हमलोग नैतिक समर्थन देते हैं और जिताने का काम करेंगे मुख्य रूप से ये लोग शामिल थे । ध्रुप तिवारी शंकर मुंडा तेजपाल जलेश्वर महतो पारसनाथ भोक्ता रविंद्र गुप्ता नीलकंठ महतो कार्तिक गंजू संतोष चंद्र पोद्दार प्रकाश कुमार भोक्ता भुनेश्वर बेसरा दिनेश्वर कुमार गंझू शेखवात अली लखीचरण भोक्ता गोरखनाथ भोक्ता गोरखनाथ भोक्ता उपस्थित थे।

## विस्थापितो को विकास के लिये मिले फंड नाकाफी : पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखण्ड अन्तर्गत कोनार डैम डीवीसी में आयोजित नेत्र जांच शिविर में बतौर मुख्यातिथि माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने शिरकत की । उनकी गरिमामयी उपस्थिति में दामोदर घाटी निगम निगमित दायित्व (सीएसआर)एवं डीवीसी अस्पताल व अन्य नेताजी आई हॉस्पिटल,रामचन्द्र पुरुलिया के सहयोग से डीवीसी विस्थापितो के लिए नेत्र जाँच शिविर का माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कार्यक्रम का उद्धघाटन दीपप्रज्वलित कर किया । नेत्र जांच शिविर के दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधायक ने कहा कि डीवीसी द्वारा नेत्र जांच शिविर ही काफी नही है,विस्थापितो के लिए विकास का रोडमैप तैयार करे डीवीसी । मैंने देखा और महसूस किया है ,डीवीसी के द्वारा विकास के लिए फण्ड कम दिया जा रहा है । मैं इस मुद्दे को लेकर डीवीसी के उच्चाधिकारियों से बात करूँगा । विस्थापितो की हर समस्या के समाधान के लिए मैं चट्टान की तरह खड़ा रहूँगा । मैं डीवीसी के द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्यक्रम में प्रश्न उठाकर कतई इसे कमतर करने की कोशिश नही कर रहा वरन विस्थापितो का हक भी जायज है ।

## पत्रकार सहित कई लोगों के बैंक खाते से कटे पैसे
## ओटीपी या लिंक शेयर किए बगैर अचानक पैसा कट गया : उमेश कुमार दांगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के हरली गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार उमेश दांगी के बैंक खाते से 10000 रुपए की फ्रॉड निकासी हो गई। उमेश दांगी बैंक ऑफ इंडिया बादम शाखा के ग्राहक हैं। भुक्तभोगी उमेश कुमार दांगी ने बताया कि बिना किसी प्रकार की जानकारी और ओटीपी या लिंक शेयर किए बगैर अचानक पैसा कटने का मैसेज आ गया जिसमें बीसी माध्यम बताया गया। इसके बाद बड़कागांव थाना प्रभारी और बैंक ऑफ इंडिया बादम शाखा प्रबंधक से फोन पर बात किया और शनिवार एवं रविवार को छुट्टी होने के कारण सोमवार को बैंक शाखा पहुंच कर इसकी विस्तृत जानकारी देने पता चला कि दर्जनों लोगों के साथ ऐसी घटना हुई है। घटना की लिखित जानकारी बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं बैंक ऑफ इंडिया बादम शाखा प्रबंधक विक्रम कुमार को भी दिया। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार कई लोगों के साथ साथ इस तरह की घटना हुई है। जिसको लेकर सभी परेशान थे और बैंक पहुंच कर इसकी जानकारी दिए। जिन लोगों के खाते से पैसा कटा है उनमें हरली निवासी उमेश कुमार दांगी, सुखदेव प्रसाद, दमयंती देवी समेत दर्जनों लोगों का नाम शामिल है। सभी के खाते से ?10000 करके पैसा कटा है। इस संबंध में बादम बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक विक्रम कुमार से पूछे जाने पर बताया कि इस तरह का फ्रॉड छुट्टी के दिन धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे खाता धारी समेत तमाम बैंक के अधिकारी परेशान हैं। इससे घबराने की जरूरत नहीं है इंश्योरेंस कंपनी द्वारा इसकी 100त्न भरपाई की जा रही है। वहीं सभी ग्राहकों को सचेत करते हुए कहा कि खाता को फ्रिज करवा ले और फ्रॉड सिस्टम की जानकारी मिलते ही सुचारू करवा लिया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी विनोद तिर्की से पूछे जाने पर बताया कि शनिवार के दिन इस तरह के अनेकों घटना की जानकारी मिली है जिस पर गंभीरतापूर्वक जांच की जा रही है। साइबर क्राइम घटना पर अंकुश लगाने के लिए बैंक सिस्टम को सशक्त होना पड़ेगा।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज में राष्ट्रीय महिला दिवस मना

**हजारीबाग :** पद्मा स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ चेताल प्रसाद की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें प्राध्यापकों सहित प्रशिक्षुओं ने देश की प्रथम राज्यपाल सरोजनी नायडू के व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों पर चर्चा किया द्य अध्यापकों में प्रो. जितेंद्र झा डॉ. चौरसिया एवं प्रो. राजेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए । प्रशिक्षुओं में अनिल यादव, स्वाति, संतोष, राखी, प्रियंका शुभम अनिल शर्मा धीरेंद्र प्रिया तथा सुजीत ने अपने विचार व्यक्त किए ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## तस्लीम अहमद सदर व रकीब अंसारी सेक्रेटरी निर्वाचित घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** जमीअत उल मोमिनीन इटकी शाखा के नए सदर तस्लीम अहमद, रकीब अंसारी सेक्रेटरी,अफरोज अंसारी नायब सदर व सज्जाद हुसैन नायब सेक्रेटरी निर्वाचित विजयी घोषित किये गये.बैलेट पेपर के सहारे संपन्न चुनाव में सभी चार पदों के लिये 13 उम्मीदवार थे. 30 सदस्य चुनाव कमेटी के द्वारा सोमवार को मदरसा मोहल्ला स्थित कमेटी हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र दिया गया . कार्यक्रम में थाना प्रभारी रजनी रंजन, इलेक्शन कमिशन के कन्वीनर शहाब हमजा, तस्लीम रजा, मास्टर जिब्राइल, हाजी अली हसन, तारिक हसन, दानिश निज़ाम, वसीम इकबाल, अबू हसन, मास्टर अमीन, नौशाद आलम, अब्दुल राजिक, मोहम्मद रजा, हाजी जानेसार, शारिक जमाल, अब्दुल राजिक, राजिक अंसारी, अरशद अंसारी व जुबेर अहमद सहित अन्य शामिल थे।

# 15 दिवसीय मत्स्य खाद्य प्रशिक्षण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में नाबार्ड के द्वारा प्रायोजित मछली खाद्य उत्पाद निर्माण हेतु 15 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण ओ डी ए रांची के द्वारा आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह की 60 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मछली का कटलेट, फिश फिंगर, मछली का अचार, फिश बॉल और फिश अमृतसरी के साथ ही मछली को काटकर फिले बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ इंडिया बेड़ो की शाखा प्रबंधक सावित्री कुमारी ने कहा कि मछली के उत्पाद का व्यापार शुरू करने के लिए यदि किसानों को पैसे की आवश्यकता हो तो बैंक हर संभव



सहायता करेगा। मौके पर पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा वार्ड सदस्य दिलीप उरांव, मत्स्य मित्र चरवा उरांव, संस्था के सचिव आशीष कुमार, मत्स्य वैज्ञानिक जया भार्गव सहित महिला समूह कि महिलाएं उपस्थिति थी।

# जनसंघ पार्टी के जनरल सेक्रेटरी ने श्री श्री 108 कुंज का किया निरीक्षण

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम बंगाल के जनसंघ पार्टी के जनरल सेक्रेटरी राजकुमार मिश्रा ने पाडरा गांव पहुंचकर श्री श्री 108 कुंज मे अखंड हरिनाम कीर्तन एवं महायज्ञ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इस यज्ञ को सफल बनाने के लिए जो भी सहायता जरूरत पड़ेगी हम हमेशा सहायता देने के लिए आगे रहेंगे यह इस गांव का एक अच्छा अवसर मिला है कि उस दिन पूरा गांव भक्तिमय में डूबा हुआ रहेगा! वही हिंदू सनातन धर्म के अनुसार जिस गांव में यज्ञ का आयोजन होता है! उस गांव से रोग दुख कष्ट का निवारण हो जाता है। वही दूसरी ओर नरेश महतो स्मारक समिति के सेक्रेटरी भरदो दुलाल महतो ने कहा कि इस यज्ञ में बहुत सारी विशेषताएं हैं यह हवन कुंड 108 का बनाया जा रहा है जहां चौबीसों घंटा कीर्तन का आयोजन किया गया है एवं जो भक्त गण कीर्तन करना चाहेंगे वह भी कीर्तन में शामिल होकर कीर्तन कर सकते हैं। ज्ञात हो कि 22 फरवरी से कलश स्थापना के साथ शुरू होकर 4 मार्च तक भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ समापन हो जाएगा। वही गोरांग हरिनाम महायज्ञ का हवन कुंड पुरोहित अयोध्या महाराज दंडी बाबा बुली महाराज रामदास महाराज आदि महाराजो के द्वारा महायज्ञ परिचालन कर शुरुआत किया जाएगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०, चतरा

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/06/2022-23-RE 1 दिनांक–13.02.2023

1. मद का नामः राज्य योजना अनावद्ध के अन्तर्गत

| क्र. सं. | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की तिथि | कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 06 | हंटरगंज | केदलीकला | केदलीखुर्द | नंदलाल ठाकुर के घर से नहर होते होए रामधीन के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2466400.00 | 49500.00 | 5000.00 | 31.03.23 | द्वितीय |
| | | | | | | 2466400.00 | 49500.00 | 5000.00 | | |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.02.2023
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 27.02.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 28.02.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय–01.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई– पुनर्निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी.चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यापालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR.NO.290195 NREP(22-23):D



## e-Procurement Cell
### Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi

**e-Procurement Notice**
**(Very Urgent)**

**Tender Reference No.-BCD/SECNC/37/BCD, Building Div. No.-1, Ranchi/2022-23 Date:-13-02-2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Hon'ble Judge Bungalow No.-03 (Old) at Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi for the Year 2022-23 | Rs.72,68,400.00 | 4 (Four) Months | 17.02-2023 | 22.02.2023 11:00 AM | 22.02.2023 11:30 AM | 23.02.2023 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।
*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.*

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल,राँची

PR 290193 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (22-23).D



## ई–प्रोक्योरमेंट सेल
### अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग
### अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/GIRIDIH/22/2022-23 दिनांकः– **10.02.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | **Essential Tourism Development Work in Dhukiya Mahadeo Mandir at Giridih Block, distt. Giridih.** |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.**97,25,400/-** ( Ninety Seven Lac Twenty Five Thousand Four Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 07 **(Seven) Month** |
| 4. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | **21.02.2023** 12.30 अपराह्न तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **15.02.2022** |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

• किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग।

PR 290132 Building(22-23)D


# सड़क दुर्घटना में एएसआई सहित तीन युवक घायल

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोंदलीपोखर बेरवाड़ी के समीप दो बाइक के बीच हुई टक्कर में अनगड़ा थाना के एएसआई मोहम्मद मुख्तार सहित तीन युवक घायल हो गए। अन्य घायलों में अनगड़ा थाना का चौकीदार सुरेंद्र मुंडा व सिल्ली थाना क्षेत्र के बंसिया धना मुंजी निवासी तुलसी प्रजापति शामिल है। बताया जा रहा कि मोहम्मद मुख्तार अपनी बाइक में सवार होकर गोंदलीपोखर से राँची की ओर जा रहे थे, इसी बीच बेडवारी मोड़ के समीप तूरूप से गोंदलीपोखर की ओर आ रहे हैं। बाइक सवार तुलसी प्रजापति के साथ सीधी टक्कर हो गई।


## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

Very VeryShortTender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-18/2022-23 Date –11/02/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 14/02/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 23/02/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 24/02/2023 |
| 4. | Date of opening of Tender | 25/02/2023 |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kuru | Construction of KhadwaGarha Weir Scheme at Vill- Chadra. | 72.31600 | 0.10000 | 1.44700 | 06Months |
| 2 | Senha | Construction of Jhelojhariya Weir Scheme at Vill- Chau. | 68.77900 | 0.10000 | 1.37600 | 06 Months |

**Note: - Only e-Tender will be accepted**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

**PR 290213 Lohardaga(22-23)#D**



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़ (निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O)
Email Id : dc-ramgarh@gov.in

-:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

- :: मतदाताओं से अपील :: -

लोकतंत्र का महापर्व "विधानसभा उप चुनाव, 2023" के अन्तर्गत 23–रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 27/02/2023, दिन–सोमवार को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। उक्त तिथि को सभी चिन्हित मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ, निश्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान कार्य हेतु जिला प्रशासन के द्वारा सभी मतदाताओं से अपील किया जाता है कि किसी पार्टी के उम्मीदवार या अन्य द्वारा किसी प्रकार के प्रलोभन, रिश्वत, दबाव, लालच के बिना, भयमुक्त होकर एक जागरूक नागरिक के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सफल, सुदृढ़ एवं जिम्मेदार लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने में भागीदार बनें।

**"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"**

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, रामगढ़

PR 290070 Election (22-23)_D



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
## NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD

**E-PROCUREMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**
**Reference No. NPH/06/2022-23(2nd call)**

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 15वें वित्त आयोग मद | | | | |
| 1 | 8 | UDD/NPH/06/22-23/01 | Rejuvenation and beautification of ChhatPokhra. | 6269438 | 125400 | 10000 | 9 Month |
| 2 | 5 | UDD/NPH/06/22-23/08 | Construction of RCC Drain from Laltababu boundary wall to Dhangar Toli Fatguruz road. | 2398396 | 48000 | 5000 | 3 Month |
| 3 | 16 | UDD/NPH/06/22-23/14 | Construction of RCC Drain with box culvert from Abid Ansari house to Vishwash Ram House. | 1770424 | 35500 | 5000 | 3 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | Date of publication of tender on website | 14.02.2023, 02:00 pm |
| 5 | Date starts of submission of bids | 14.02.2023, 08:00 pm |
| 6 | Last date/time of submission of bids | 21.02.2023, 05:00 pm |
| 7 | Last date/time of submission at office cost of BOQ, earnest money and tender document | 22.02.2023, up to 02:00 pm at Hussainabad Police Station. |
| 8 | Date of bid opening | 23.02.2023, 01:00 pm |
| 9 | Name & address of office inviting tender | NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 10 | Contact no. Of procurement officer | 7091335901 |
| 11 | Helpline number of e- procurement cell | 7070832962 |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhand tenders.gov.in and Notice Board office of theNagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

**PR 290100 Urban Development and Housing(22-23)#D**



## कार्यालय अभिहित अधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राँची
fssai
### खाद्य कारोबारियों के लिए आवश्यक सूचना

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियों यथा–होटल, भोजनालय, रेस्टुरेंट, पानी विक्रेता, थोक विक्रेता, **(Wholesaler)**, वितरक **(Distributor)**, भंडारक **(Storer)**, विनिर्मता **(Manufacturer)**, खुदरा विक्रेता **(Retailer)**, शराब विक्रेता, ठेला, खोमचा, मीट/चिकन/मछली/अण्डा दुकान, कैंटीन, मिठाई दुकानदार, परिवहन **(Transportation)**, फल सब्जियों का दुकान, सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैंटीन इत्यादि को फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना वैध खाद्य लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करना दण्डनीय अपराध है, जिसमें छः माह का कारावास एवं पाँच लाख रू0 तक का जुर्माना लगाने का प्रवधान है।

अतः खाद्य कारोबारियों के खाद्य लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसकी विवरणी निम्नप्रकार है:–

| क्र0 सं0 | दिनांक | कैम्प का स्थल |
|---|---|---|
| 01 | 15.02.2023 | अनुमंडल कार्यालय सदर, राँची के खाद्य सुरक्षा कार्यालय , समाहरणालय भवन, बी ब्लॉक, कमरा संख्या–215, कचहरी रोड, राँची। |

| | | |
|---|---|---|
| रजिस्ट्रेशन शुल्क | 12 लाख से कम का टर्नओवर | 100 रू0 प्रतिवर्ष |
| लाईसेंस शुल्क | 12 लाख से अधिक का टर्नओवर | 2000 रू0 प्रतिवर्ष (सामान्य कारोबारी)<br>3000 से 5000 रू0 प्रतिवर्ष (मैन्युफैक्चरर) |

रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज :–
1. एक स्वअभिप्रमाणित फोटो पहचान–पत्र।
2. एक पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ।
3. अगर पहचान–पत्र में व्यवसाय स्थल का पता अंकित नही तो व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज।

लाईसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज :–
1. प्रोपराईटर्स/पार्टनर/डायरेक्टर का लेटरहेड में विवरण (नाम, पता, मो0 नं0, एवं ई–मेल आई0डी0)।
2. खाद्य कारोबारी का पहचान–पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज।
4. प्रोपराईटर्सशीप का सेल्फ डिक्लेरेशन/पार्टनशीप डीड।

खाद्य व्यवसाय से संबंधित कुछ विशेष दस्तावेज :–
1. मीट दुकान के रजिट्रेशन/लाईसेंस हेतु स्थानीय निकाय से अनापति प्रमाण–पत्र।
2. मैन्युफैक्चरर के लिए युनिट का ब्लुप्रिंट/मशीन की सूची/पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।
3. कैटरर/रेस्टुरेंट/होटल के लिए पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।

• नोट–सभी दस्तावेज स्वाअभिप्रमाणित रूप में जमा करना है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,राँची।

अभिहित अधिकारी–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी,
सदर, राँची।

PR 290097 District(22-23)D



## कार्यालय,उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (समाज कल्याण शाखा)
### (जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email ID - dcpspalamu@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा समेकित बाल संरक्षण योजना के अन्तर्गत पलामू जिले में पालन पोषण देखरेख (Foster Care) योजना आरंभ किया गया है, जिसमें देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों को इस योजना से लाभान्वित करना है। इस योजना के तहत बच्चों को शिक्षा, पोषण, चिकित्सा एवं विकास हेतु आर्थिक सहायता एवं परिवार विहीन बच्चों को अल्पकाल हेतु परिवार उपलब्ध कराना है। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु परिवार अत्यन्त आवश्यक है। परिवार विहीन बच्चों के सम्पूर्ण विकास हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न बालगृहों में रहने वाले 18 वर्ष तक के बच्चों को अल्पकाल हेतु परिवार से जोड़ने के लिए पालन–पोषण देखरेख (Foster Care) योजना से लाभान्वित करना है।

अतः पलामू जिले के वैसे इच्छुक दम्पति/परिवार जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम न हो। बच्चों को अल्प अवधि सहायता करने एवं जिले के बाल गृहों में रहने वाले 18 वर्ष तक के परिवार विहीन बच्चों को अल्प अवधि के लिए अपने परिवार में रखकर उनका पालन पोषण एवं देखरेख करना चाहते हैं वैसे दम्पति का उम्र से अल्प अवधि के लिए बच्चे का उम्र का अन्तर 21 वर्ष से कम न हो। वैसे परिवार इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू एवं बाल कल्याण समिति, पलामू के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**पता** :– कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति, पलामू
पुराना आयुक्त कार्यालय, निचला तल्ला, उपायुक्त आवास के सामने, मेदिनीनगर,
जिला–पलामू, पिन कोड– 822101
सम्पर्क संख्या :– 7033780775, 6299185852, 7979718354, 7250823857

उपायुक्त
पलामू

PR 290094 Women, Child Development & Social Security(22-23).D



## कार्यालय अभिहित अधिकारी -सह- अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका (गढ़वा)
### (खाद्य सुरक्षा शाखा)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य् सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार करने से पहले लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना वैद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन धारित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा–63 के अंतर्गत 6 माह के कारावास की सजा तथा 05 लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। इस संदर्भ में रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों के लिए निम्न प्रकार से लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाना हैं :–

| क्र0 सं0 | कैम्प आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | अनुमण्डल कार्यालय परिसर, रंका। | 15.02.2023 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |

**रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेजो की सूची (जिसका टर्नओवर 12 लाख से कम हो) :–**
1. आवेदक का पहचान पत्र।
2. अगर पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण पत्र।
3. एक पासपोर्ट आकार का फोटो।
4. रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्कः 100 रू0

**लाइसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज की विवरणी (जिसका टर्नओवर 12 लाख से अधिक हो ) :–**
1. प्रोपराईटर्स/डाइरेक्टरर्स/पार्टनर की सम्पूर्ण विवरणी (पता/मो.नं./ई. मेल आईडी. इत्यादि)।
2. आवेदक/प्रोपराईटर/पार्टनर का पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद इत्यादि)।
4. प्रोपराईटर सीप से संबधित स्व–घोषणापत्र/पार्टनर सिप डीड/फार्म IX।
5. मैन्युफैक्चररिंग युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित। मैन्युफैक्चरिंग उत्पाद की सूची।
6. मैन्युफैक्चररिंग युनिट में प्रयोग की जा रही मशीनों की सूची क्षमता अनुरूप।
7. मैन्युफैक्चररिंग युनिट के लिए Recall Plan.
8. उत्पादन इकाई का ले–आउट/ब्लुप्रींट, क्षमता के अनुरूप।
9. होटल/कैटरर/रेस्टुरेंट के लिए उपयोग में लाए जा रहे पेयजल की शुद्धता का जॉच रिपोर्ट।
10. लाइसेंस हेतु शुल्कः 2000 रू0 (Wholesaler, Distributor, Retailer, Caterer), 3000 रू0 (Manufacturer)

मीट, चिकन एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदार अपने साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के मुखिया या वार्ड पार्षद से (मुहर सहित) लेकर आयेंगे।

अतः रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारी जैसे– खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, उत्पादक, होटल, रेस्टुरेंट, स्ट्रीट फुड भेंडर, केटरर, बुचड़खाना, मछली दुकान, अण्डा दुकान, दुग्ध दुकान, सब्जी–फल दुकान, दवा दुकान, शराब दुकान, आर0ओ0 पानी सप्लायर, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर संचालित कैन्टिन, स्टोर रूम इत्यादि के संचालक/ मालिक/ प्रोपराईटर/ पार्टनर इत्यादि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथियों को कैम्प में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

ह0/–
अभिहित अधिकारी –सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, रंका

PR 290078 Food Public Distribution and Consumer Affairs (22-23)_D



## कार्यालय कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), हजारीबाग
### आवश्यक सूचना

हजारीबाग जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन – दलहन (2022–23) के तहत अधिकतम अनुदानित राशि या कुल कीमत का 50 प्रतिशत राशि (दोनो में जो कम हो) पर निम्न कृषि यंत्र/उपादान उपलब्ध है।

| क्र0 सं0 | उपादान का नाम | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) | अधिकतम अनुदानित राशि (रू0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पावर नैपसेक स्प्रेयर 8-12 Ltr | 15 | 3100/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 2 | पावर नैपसेक स्प्रेयर 8-12 Ltr | 35 | 2500/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 3 | मैनुअल नैपसेक स्प्रेयर | 22 | 750/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 4 | मैनुअल नैपसेक स्प्रेयर | 71 | 600/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 5 | रोटावेटर (Less then 20 BHP) | 1 | 42000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 6 | रोटावेटर (Less then 20 BHP) | 2 | 34000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 7 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Less then 35 BHP) | 1 | 100000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 8 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Less then 35 BHP) | 1 | 80000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 9 | Chisel Plough (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 10000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 10 | Chisel Plough (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 8000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 11 | Ridge Furrow Planter (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 24000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 12 | Seed Storage Bin | 12 | 1000/Qtl or 50% of cost whichever is less | |
| 13 | स्प्रिंकलर सेट | 1 | 21901/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 14 | पंपसेट | 47 | 10000/unit or 50% of cost whichever is less | |
| 15 | डिलिवरी पाइप | 299 मीटर | 50% of cost limited to Rs. 50/mtr for HDPE pipes Rs. 35/mtr for PVC pipes and Rs. 20/mtr For HDPE laminated wovenlay flat tubes with max. ceiling of Rs. 15000/ unit. | |
| 16 | मोबाइल रेनगन | 1 | 34513/unit or 50% of cost whichever is less | |

अनुदानित दर पर कृषि यंत्र/उपादान क्रय करने हेतु संबंधित प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक या जिला स्तर पर आत्मा कार्यालय शंकरपुर से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 16.02.2023 से लेकर 20.02.2023 तक कार्यालय अवधि में आत्मा कार्यालय, शंकरपुर, हजारीबाग में जमा करें। कृषि यंत्र/उपादान का वितरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रखंडवार एवं एन0एफ0एस0एम0 के मार्गदर्शिका के आलोक में किया जाएगा। राशि की उपलब्धता के आधार पर निर्धारित लक्ष्य को घटाया/बढ़ाया जा सकता है। चयनित आवेदकों को कृषि यंत्र/उपादान का क्रय करने के उपरांत DBT के माध्यम से राशि स्थानांतरित कराया जाएगा।

ह0/
परियोजना निदेशक आत्मा, हजारीबाग

PR 290108 Agriculture(22-23)D

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की कमिटी पुनर्गठित

**पंचेत(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का



पुनर्गठन किया गया है। वही यूनियन सदस्यों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन बुटबाड़ी जेएमएम पार्टी कार्यालय में किया गया। मनोनित सदस्यों का स्वागत पुष्पमाला पहना कर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कृष्णा राय ने किया। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का पुनर्गठन बीसीसीएल कोलियरी के क्षेत्र संख्या 12 के लिए किया गया है। जिसमें अध्यक्ष के रूप में विकास भंडारी, उपाध्यक्ष-सहदेव टूडू, सुबल गोराई, सपन राय, जितेन बाउरी, सचिव - निर्मल पाल सह सचिव - सुबोध राय, सुभाष तूरी, कृष्णा राय, सिकंदर मुर्मू, संगठन सचिव - दुर्गा टुडू, कोषाध्यक्ष - कन्हाई गोराई और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुशल टुडू, सुकान्त हाँसदा, रमेश गोराई, शिवजी यादव, रवि लाल टुडू, हरिपद हाँसद, सुनील बासकी, मंगल माँझी, भगत सिंह, सृष्टि गोराई, गणेश गोराई, असित सहिस, संतोष सहिस के साथ साथ और भी गणमान्य सदस्यों को मनोनीत किया गया है।

## महर्षि दयानन्द जयंती मनाई गई

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर में 12वीं के छात्रों का बोर्ड परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एस. मोदक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा तनाव मुक्त होकर दें। परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने स्वजनो के सपनों को साकार करें। इसी क्रम में आर्य समाज के संस्थापक और महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वी जयंती भी धूम-धाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए महर्षि दयानंद के जीवन आदर्शो को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वरिष्ट शिक्षक नीलमणि झा ने स्वामी जी के जीवन और कार्यो पर प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय के वरिष्ट शिक्षक रमन राय,असीम प्रियदर्शी, विनय कुमार शुक्ल, मधुसूदनआचार्य, शिक्षिका, सुमिता दत्ता आदि शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।




## मिस्टर एंड मिसेज स्वदेशी का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 11 दिवसीय स्वाभिमान स्वदेशी



मेला के 8 दिवसीय प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यकम के तहत मिस्टर एंड मिसेज स्वदेशी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 50 लड़कों और लड़कियों ने प्रतिभागी निभाई। जज में मॉडल सोनू कुमार, मिसेज इंडिया रूमा मुखर्जी एवं शिशु बिहार की प्रिंसिपल डॉ लोपामुद्रा मिश्रा रहीं। सभी अतिथियों को मेला संचालक धर्मजीत चौधरी कि तरफ से मोमेंटो और आयुष फाऊंडेशन धनबाद के मेंबर्स द्वारा बनाया गया हैंडक्राफ्ट आइटम्स देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतियोगियों को पार्टिसिपेंट सर्टिफिकेट भी दिया गया वहीं विनर्स को 18 फरवरी को प्राइज दिया जाएगा। मेला संयोजक धर्मजीत चौधरी, कैफ़ , अब्दुल ,अर्पिता, आदि मौके पर मौजुद रहे।

# धनबाद : गूंजी गोलियों की तड़तड़ाहट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने एक बार फिर अन्धाधुन्ध फायरिंग कर दहशत फैला दी। बाइक पर सवार होकर आए तीन अपराधियों ने कोयला उत्खनन से जुड़े आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले राजेश यादव पर निशाना साध कर चलाया था। गनीमत रही कि इस गोलीबारी में राजेश यादव बालबाल बच गए। घटना धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआ-झरिया मुख्य मार्ग की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह करीब 07:30 बजे केंदुआडीह थाना से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित अपने आवास से बाहर निकल कर आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले राजेश यादव अपने पिता के साथ सड़क के किनारे खड़े थे। उसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात बदमाशों ने उनपर एक-एक कार छह गोलियां दाग दी। गनीमत रही कि राजेश अपराधियों के गोली से बचने में कामयाब रहे। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां सड़क किनारे बने दीवार और एक दुकान के शटर पर लगी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची केंदुआडीह पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। बता दें कि इससे पूर्व में भी राजेश यादव पर हमला हो चुका है जिससे बचने के लिए उन्होंने अपनी सुरक्षा में निजी गार्ड भी रखा है। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर धनबाद पुलिस से गुहार भी लगाई है।

## विधायक के बेटे ने की आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिंदरी :** विधायक इंद्रजीत महतो के बड़े बेटे विवेक महतो ने आत्महत्या कर ली है। मौत की सुचना पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो और कांके से भाजपा विधायक समरी लाल एवं शुभचिंतक रांची रिम्स के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और हालात का जायजा लिया। जानकारी के मुताबिक रविवार को दिन के 11 बजे विवेक महतो ज़हर खा लिया था। आनन-फानन में उसे रांची स्थित मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वो दिल्ली में रहकर इंजीनियरिंग कर किसी कंपटीशन की तैयारी कर रहा था। किसी काम के सिलसिले में रांची आया हुआ था। हालांकि अब तक उसके सुसाइड करने के पीछे का वजह सामने नहीं आया है। पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुत्र की आत्महत्या की खबर सुनते ही मां काफी सदमे में हैं।

## दुकानदारों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : रवीन्द्र वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पुराना बाजार पानी टंकी में रेलवे के द्वारा अतिक्रमण हटाने आए अंचल अधिकारी धनबाद एवं रेलवे प्रशासन को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव रवीन्द्र वर्मा ने साफ शब्दों में कहा की डिस्ट्रिक्ट बोर्ड और रेलवे पहले आपस मे तय करे कि ये जमीन किसका है उसके बाद दुकानदारों की बात होगी। क्योंकि ये दुकानदार वर्षो से यहाँ अपना रोजगार चला रहे हैं। जबकि दुकानदार कोई अतिक्रमण या अवैध रूप से दुकान नही चला रहे हैं। दुकानदारों को डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के द्वारा किराया वसूला जाता है। किसी का रोजगार छिनने का अधिकार किसी को नही है। दुकानदारों के साथ अन्याय नही होने देंगे।

## दिन के उजाले में चोर ने उड़ाई बाइक वारदात सीसीटीवी में कैद



**प्रभात मंत्र सवांददाता**

**झरिया :** बलियापुर थाना क्षेत्र में इन दिनों बाइक चोर काफी सक्रिय हैं। दिन के उजालों में ही बाइक चोर बिना किसी खौफ के बाइक चोरी कर फुर हो जाते हैं। ऐसी ही घटना है बलियापुर प्रखंड के दोलाबड़ पंचायत की जहां दो बाइक सवार गाड़ी को लेकर रफूचक्कर हो गए। मोको निवासी गाड़ी मालिक स्वर्गीय पॉलीमोल सेन गुप्त के दामाद गाड़ी संख्या JH10AR3351 को घर के बाहर खड़ा कर घर के अंदर चले गए। पूरा चोरी का घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। भुक्तभोगी द्वारा दोलाबड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि को सूचना दिया गया। भुक्तभोगी ने बताया कि बलियापुर थाना ने लिखित शिकायत लेने से इनकार कर दिया। बलियापुर थाना के द्वारा गाड़ी का पूरा कागजात नहीं मिलने पर लिखित शिकायत दर्ज नहीं किया गया।

## रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह हत्याकांड मामले में आरोपी पिंटू ने किया सरेंडर



**प्रभात मंत्र सवांददाता**

**धनबाद :** रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह हत्याकांड मामले में पिंटू सिंह नामक नामजद आरोपी ने धनबाद न्यायालय में सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद उसे धनबाद जेल भेज दिया गया है। मालूम हो कि 1 फरवरी की सुबह को रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह अपने पुत्र के साथ शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित पीके रॉय कॉलेज पहुंचे थे। जहां बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी थी। जिसके बाद अस्पताल ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई थी। घरवालों ने चचेरे भाई पिन्टू सिंह और सिन्टू सिंह को नामजद आरोपी बनाया था। इसी क्रम मे आज पिन्टू सिंह ने आत्मसमर्पण कर दिया। मीडिया से बात करते हुए पिन्टू सिंह ने बताया की वो निर्दोष है। घटना वाले दिन वो जमशेदपुर मे था। उसे षडयंत्र के तहत फंसाया जा रहा है। उसने प्रशाशन से निस्पक्ष जांच की मांग की है।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में इंम्पीरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** विगत सप्ताह दहेजमुक्त झारखंड सेवा संघ संस्था की ओर से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. जिसमें कई प्रखंडों के दर्जनाधिक विद्यालयों से कुल 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था. वहीं इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरहमसिया से कुल 200 विद्याथियों ने भाग लिया जिसमें से कुल 38 विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन किया. उक्त प्रतियोगिता परीक्षा में उतीर्ण सभी छात्र छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि भाजपा दहेज मुक्त झारखंड संस्था संरक्षक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा , विशिष्ट अतिथि कुमारी जिप सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा, जिला परिषद् सदस्य पिंकी भारती, शिक्षाविद् अंग्रेजी विषय के अध्यापक विनोद कुमार, अतिथि डॉ मंजु कुमारी, मोतीलाल पंडित तथा सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा के द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र दे कर सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. साथ ही बता दे की इंपेरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान और समूह सी के प्रतियोगिता परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जमीन में हिस्सा नहीं देने पर उपायुक्त को ज्ञापन, कारवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के चिलगा पंचायत अंतर्गत नावाडीह में जमीन विवाद का मामला सामने आया है। सबंधित मामले को लेकर एक पक्ष पिंट गुप्ता पिता रामदेव राम ने गिरिडीह उपायुक्त को आवेदन देकर करवाई की मांग किया है। आवेदन के आलोक में कहा गया है की सम्मिलित हिस्सेदारी की जमीन पिंटू गुप्ता के बड़े चाचा बिनोद राम के द्वारा एक किता जमीन जो की बटवारा नहीं हुवा था जिसका मौजा-नावाडीह , खाता नंबर 07 , प्लाट नंबर 86 , कमलपत राम के पास 15 डिसमिल मध्ये 4 डिसमिल एवं खता संख्या 7 से 2 डिसमिल जमीन कुल मिलकर 6 डिसमिल बेच दिया जिस जमीन ने पिंटू गुप्ता का भी हिस्सेदारी था। उक्त जमीन पर कमलपत राम का बेटा उपशंकर राम एवं उसकी पत्नी सिमा देवी द्वारा जे सी बी मशीन और 50 अज्ञात लोगो जिसमे कुछ महिलाये भी थी को लेकर जबरन दीवाल दिया जा रहा था। दीवाल देने का विरोध करने पर गाली गलौज करते हुवे मारपीट पर उतारू हो गया और कार्यरत मजदुर लोग कुदाल गैंता उठाकर मारने दौड़ा जिससे विरोध करने वाला पक्ष वहा से भागने लगा

**वही दूसरे पक्ष ने कहा, सभी आरोप बेबुनियाद-बदनाम करने की साजिश**

इस बीच कार्यरत महिलाओं ने झूठे मुकदमे में फ़साने की धमकी दी। आवेदन में कहा गया है की उमाशंकर राम +2 उच्य विधालय छोटकी खरगडीहा में प्रिंसपल के पद पर कार्यरत है एवं इसकी पत्नी सिमा देवी वर्तमान में चिलगा पंचायत की मुखिया है और इसका भाई शुभम राम मुखिया प्रतिनिधि है। आरोप ये भी लगाया की ये तीनो अपने पद के घमंड में कहता है की जो चाहेंगे वो कर सकते है थाना पुलिस मेरे मेल में है। वही इस मामले को लेकर उमाशंकर राम से बात करने पर उन्होंने बताया की आज से 15 साल पूर्व हमारे पिताजी ने केवला जमीन लिया था और तब से इस जमीन को हम उपयोग करते आ रहे है। पिंटू द्वारा लगाए गए आरोप को ख़ारिज करते हुवे कहा की उक्त समय ना हम वहां थे और ना ही मेरी पत्नी सिमा देवी वहां थी। उक्त जमीन का रशीद भी कट रहा है और ऑनलाइन भी चढ़ा हुवा है। हमें बदनाम करने की एक साजिश मात्र है इस जमीन को लेकर पहले भी बैठक हो चूका है ।

## 03624/03623 बख्तियारपुर-राजगीर-बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल के समय-सारणी में बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** दिनांक 16.02.2023 से बख्तियारपुर और राजगीर के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 03624/03623 बख्तियारपुर-राजगीर-बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर स्पेषल के समय-सारणी में बदलाव किया जा रहा है । गाड़ी सं. 06324 बख्तियारपुर-राजगीर मेमू पैसेंजर स्पेषल दिनांक 16.02.2023 से परिवर्तित समयानुसार07.30 बजे बख्तियारपुर से खुलकर 07.44 बजे हरनौत, 07.53 बजे वेना, 08.03 बजे रहुई रोड, 08.10 बजे सोहसराय हाल्ट, 08.17 बजे बिहार शरीफ, 08.26 बजे पावापुरी रोड, 08.35 बजे नालन्दा, 08.43 बजे सिलाव रूकते हुए 09.25 बजे राजगीर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03623 राजगीर-बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर स्पेषलदिनांक 16.02.2023 से परिवर्तित समयानुसार 09.45 बजे राजगीर से खुलकर 09.50 बजे सिलाव, 09.58 बजे नालन्दा, 10.07 बजे पावापुरी रोड, 10.16 बजे बिहार शरीफ, 10.23 बजे सोहसराय हाल्ट, 10.31 बजे रहुई रोड, 10.39 बजे वेना, 10.48 बजे हरनौत रूकते हुए 12.00 बजे बख्तियारपुर पहुंचेगी ।

## वाहन के चपेट में आकर वृद्ध घायल, मौत

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया के भगत सिंह चौक पर सोमवार की सुबह एक मालवाहक गाड़ी के चपेट में आने से साइकिल सवार बालेश्वर ठाकुर की मौत इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते मे हो गयी। जिसे पुलिसिया कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए गिरीडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया । घटना को लेकर बताया गया कि मृतक बालेश्वर ठाकुर सोमवार की सुबह बड़की सरिया स्थित अपने घर से लुतियानों जाने के लिए निकला था, इस बीच भगत सिंह चौक के पास दाहिने मुड़ा तभी बगोदर की तरफ से जा रहा एक 1109 मालवाहक गाड़ी ने सामने से टक्कर मार दी, टक्कर में वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बचाव किया और घटना की जानकारी स्थानीय जीप सदस्य अनूप पांडेय एवं सरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर घटनास्थल दोनों घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए बगोदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के उसे हज़ारीबाग रेफर कर दिया गया लेकिन जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। बाद में परिजनों ने शव को सरिया थाना पहुंचाया जहां से पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि माले नेता प्रमोद मण्डल, जिम्मी चौरसिया एवं अन्य समाजसेवियों ने मुआवजा दिलवाने को लेकर पुलिस से मदद की अपील भी की।

## बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड वाहन, घट सकती है बड़ी दुर्घटना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड में आये दिन ओवरलोड वाहन सड़को पर देखने को मिल रहा है। क्षमता से अधिक माल का परिवहन करने वाले वाहन के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर प्रतिबंध अधिनियम 1984 के तहत पुलिस थानों में प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी आदेश 14 फरवरी 2019 को राज्य शासन द्वारा जारी किया है। इस आदेश को धता बताते हुए पुलिस विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ और इसके लिए जिम्मेदार अन्य घटकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है। क्षमता से अधिक माल का परिवहन करने पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 113 व 114 के तहत वाहन चालक अथवा वाहन धारक के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। इसके तहत दोषी वाहन चालक/धारक द्वारा अधिभार उतारे जाने पर तथा दंड के रूप में तय शुल्क अदा करने की तैयारी दर्शाने पर दंड स्वीकार करने अथवा प्रकरण अदालत में दायर की कार्रवाई की जाती है। ओवरलोड वाहनों का सड़कों पर निरंतर चलना अभी तक जारी है। प्रशासन अथवा संबंधित विभाग का इन पर कोई जोर नहीं है और यह वाहन ऐसे ही धड़ल्ले से चले जाते है। इनके कारण सड़कों को तो नुकसान पहुंचता ही है, साथ में किसी हादसे की संभावना भी लगातार बनी रहती है।

## गिरिडीह : झामुमो की 50वें स्थापना दिवस को लेकर बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह झामुमो जिला कार्यालय में 50वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर सोमवार को एक बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय सिंह एवं संचालन जिला सचिव महालाल सोरेन ने की।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं गांडेय के विधायक डॉ0 सरफ़राज़ अहमद उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री सोनू ने कहा कि झामुमो का गिरिडीह जिला में स्थापना का 50वाँ वर्ष मनाया जाना है इस बार सभी प्रखंडों को ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर सभी पंचायतों में सभी के घर जाकर 04 मार्च हेतु आमंत्रित करना है और 50वाँ स्वर्ण वर्ष को ऐतिहासिक बनाना है। साथ ही साथ झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी द्वारा किये जा रहे कार्यो को जनता तक पहुचाना है वर्षो से लंबित झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों को अब चिन्हित किया जा रहा है और जल्द ही इनलोगो को सम्मान दिया जाएगा। डॉ0 अहमद ने कहा कि गांडेय से हरबार की तरह इस बार भी बड़े हुजूम में जनता निकलेगी और आने वाले स्वर्ण वर्ष 50वाँ स्थापना दिवस को सफल बनाएगी। श्री सिंह ने कहा कि गिरिडीह जिला में झामुमो जिला समिति अपना 50वाँ स्थापना दिवस मना रही है और व्यापक रूप में इसकी तैयारी की जा रही है इस बार झंडा मैदान में ऐतिहासिक भीड़ जुटने की उम्मीद है और शहर के हर चौक चौराहों को सजाया जाएगा संभवता झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी का आगमन होगा उसी तर्ज पर तैयारी भी की जा रही है।

## लाभुकों ने डीलर पर अनाज गबन का लगाया आरोप, जांच करने पहुंचे अधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** प्रखंड के केशवारी पंचायत में संचालित सहारा स्वयं सहायता समूह पीडीएस संचालक पर समय पर आनाज नहीं देने, और हर महीने दो बार अंगूठा लगवा कर एक ही अनाज देने का आरोप लगाया है जिसके बाद सरिया प्रखंड के प्रभारी खाध आपूर्ति पदाधिकारी अनुप सिन्हा ने केशवारी पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया और ग्रामीणों की उपस्थिति में उपस्थित कार्ड धारियों से एक-एक कर जानकारी ली, लाभुकों ने बताया कि हमें समय पर अनाज नहीं मिल रहा है और मिल भी रहा है तो कम अनाज मिल रहा है , कोरोना काल में भी हमें पुरा अनाज नहीं मिला जिस की गहनता से के साथ जांच हो और आरोपी डीलर पर कार्रवाई की जाये।

**हमने समय पर अनाज दिया है राजनीति के तहत हमें किया जा रहा है बदनाम– डीलर**

सहारा स्वयं सहायता समूह के संचालक ने बताया कि हमेशा समय पर सभी लाभुकों को अनाज देते आ रहे हैं जिसकी जानकारी विभाग की ऑनलाइन साइट पर भी उपलब्ध है हमें जितना और जब अनाज मिला है हमने लाभुकों के बीच बांटा है हमारे पास इसके पुख्ता प्रमाण हैं हमारे गांव के ही



कुछ लोग गंदी राजनीति के तहत हमें बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

**जाँच की गई है उचित कार्रवाई की जाएगी : प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी :** – सरिया प्रखंड के प्रभारी खाद आपूर्ति पदाधिकारी अनुप सिन्हा ने इस बाबत बताया कि हमें शिकायत मिली थी कि लाभुकों को अनाज कम दिया जा रहा है जिसे लेकर हमने आज स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की उपस्थिति में उपस्थित लाभुकों से जानकारी इकट्ठा किया है हम इस जांच के विस्तृत रिपोर्ट विभाग के उच्च अधिकारियों को देंगे और लक्षित जनवितरण नियंत्रण आदेश 2022 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संक्षिप्त खबरे

## भंडरा थाना पुलिस ने दो पहिया-चार पहिया वाहन के दस्तावेज की जांच की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** एसपी आर रामकुमार के निर्देशानुसार अपराध की घटनाओं में अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोमवार को भंडरा थाना पुलिस द्वारा भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ मसमानो मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान भंडरा थाना पुलिस ने दो पहिया-चार पहिया वाहन के दस्तावेज की जांच की। जिसमें ऑनर बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीटबेल्ट की भी जांच की गई। मौके पर भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा ने बिना हेलमेट के वाहन चला रहे मोटरसाइकिल चालको को हिदायत देते हुए छोड़। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात नियम का पालन करना हर कोई के लिए जरुरी है। यातायात नियम के पालन से खुद के साथ-साथ दूसरे वाहन चालक की भी जिंदगी सुरक्षित रहती है। उन्होंने कहा कि जब एक लाख का मोटरसाइकिल लेकर रोड पर चल सकतें है, तो खुद की सुरक्षा के लिए एक हजार का हेलमेट क्यों नहीं खरीद सकते।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस एवं डीएलसीसी की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जेएसएलपीएस (झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) डी एल सी सी की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस को निदेश दिया गया कि भंडरा में सभी 788 महिला स्वयं सहायता समूह (SHG) का बेसलाइन सर्वे कराया लें और जिनकी आय 1 लाख रुपये से कम है उन्हें संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संसाधन उपलब्ध करा कर उनका जीवन स्तर ऊपर उठाएं। सभी को लखपति बनाने की दिशा में लाने की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इसके लिए बेसलाइन सर्वे जरूरी है और समूह को चिन्हित करते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाना है। बैठक वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, में जिला पशुपालन पदाधिकारी, आत्मा परियोजना उप निदेशक, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बिजली की समस्या को देखते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता से मिले पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला में विद्युत व्यवस्था को लेकर भाजपा नेता व भाजपा पूर्व प्रत्याशी सिमडेगा श्रद्धानंद बेसरा के साथ कुरडेग प्रखंड से आए बिजली उपभोक्ताओं का दल, विद्युत कार्यपालक अभियंता महोदय से मुलाकात किए एवं समस्याओं को निराकरण करने के लिए आवेदन दिए। कुरडेग प्रखंड के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा महोदय से मिल कर समस्याओं को सुलझाने की पहल सम्बंधित बातों को रखे। बेसरा जी ने विद्युत कार्यापालक महोदय को कहा की कुरडेग प्रखंड में ग्रामीणों के विद्युत तारों को इसलिए काटा जा रहा है और केस किया जा रहा, क्योंकि वे बिजली बिल नहीं भरते हैं जबकि हकीकत में बिद्युत कर्मियों के द्वारा प्रत्येक माह विद्युत बिल नहीं दिए जाते हैं, और एकमुश्त बिद्युत बिल आने के कारण ग्रामीण उपभोक्ता के लिए बड़ी समस्या हो रही है। इसलिए श्री बेसरा ने मांग रखे की प्रत्येक महीना विद्युत बिल देने की समुचित व्यवस्था किया जाए। ताकि ग्रामीणों को बिल जमा करने में आसानी हो। खराब विद्युत मीटर के कारण भी अत्याधिक बिल आने की शिकायत कुरडेग से आए ग्रामीणों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता महोदय जी को सुनाए, एवं आवेदन देकर समस्याओं को निपटारा करने के लिए मांग किए। दोबारा रिमाइंडर करते हुए श्री बेसरा जी ने कहा पूर्व दिए गए आवेदनों में कुछ गांव छूट गए हैं, उन गांवों को भी ट्रांसफार्मर देकर समाधान करें। कुछ आवेदन भी दिए गए।

## अनियंत्रित हो बाइक चालक एन एच पथ पर गिरने से हुआ घायल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना के समीप एन एच 143 ए पथ पर बाइक चालक अनियंत्रित हो कर गिर गया जिससे बाइक चालक का शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से टेम्पू चालक सह सेन्हा निवासी सद्दाम अंसारी के द्वारा घायल अधेड़ व्यक्ति को इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान राँची जिला के चान्हो थाना अंतर्गत होन्हे निवासी स्वर्गीय सुकरा कुजूर के पुत्र श्यामनाथ कुजूर के रूप में किया गया। बताया जाता है कि श्यामनाथ कुजूर अपने बाइक जे एच 01 के 7488 से लोहरदगा की ओर से घाघरा जा रहा था। जिज़ अचानक बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और अनियंत्रित हो गिर गया जिससे श्यामनाथ कुजूर घायल हो गया। फिलहाल चिकित्सको द्वारा खतरे से बाहर बताया गया।

## दो स्थाई वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में दो स्थाई वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम से दो स्थाई वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को लोहरदगा जेल भेज दिया बताया जाता है। कि अलग अलग कांड में दोनो आरोपी का संलिप्त था। और लंबे समय तक न्यायालय में उपस्थित नही होने पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में आदेश का पालन करते हुए स्थाई वारंटी रुस्तम अंसारी एवं सुस्तम अंसारी को अरु स्थित घर से गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत दोनो वारंटी को जेल भेजा गया।

राज्य सरकार हर मोर्चे पर फेल : कर्मवीर सिंह

# मंडल कार्यसमिति बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती का सिखाया गुर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा ग्रामीण (सेवई) कार्यसमिति की बैठक सेवई पकरी टोली में एवं बीरू मंडल की बैठक दुर्ग विजय सिंह देव के आवास पर हुई, बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय मौजूद थे। सेवई मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साय ने स्वागत भाषण करते हैं कार्यकर्ताओं को कहा की हमारे मंडल का सौभाग्य है की प्रदेश संगठन प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री हमारे बीच मार्गदर्शन के लिए मौजूद हैं इनके मार्गदर्शन में मंडल में संगठन सशक्त होगा, वहीं बीरू मंडल में मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहां की मंडल के कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं आने वाले चुनौती के लिए संगठन के निर्देश पर कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं। संगठन प्रभारी कर्मवीर जी ने सबसे पहले दोनो मंडल कार्यसमिति का वृत्त लिया, और संगठन को मजबूत बनाने के गुण कार्यकर्ताओं को दिए। उन्होंने कहा कि आप सभी मेहनती कार्यकर्ता हैं आपके समक्ष आने वाले वर्षों में लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव हैं अभी से ही संगठन को मजबूत करें ताकि आने वाले दोनों चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरें। आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान के झारखंड सरकार हर मोर्चे पर फेल है विकास कार्य पूरी तरह ठप है, सरकार ना नियोजन नीति बना पा रही है और ना स्थानीय नीति बेरोजगार रोजगार की आस में बूढ़े हो रहे हैं चारों तरफ राज्य में भ्रष्टाचार का एवं डर का माहौल है महिलाएं एवं व्यापारी भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे।

# ताइक्कांडो संघ की बैठक हुई सम्पन्न

➲ शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का आर्थिक रूप से जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन सहयोग करे : गोविन्द प्रधान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय सिमडेगा के प्रांगण में सिमडेगा जिला ताइक्कांडो संघ का बैठक आयोजित कि गई। संघ के जिला सचिव दयाराम मेहर, सह-सचिव पप्पू कुमार और कोषाध्यक्ष गोविन्द प्रधान, उपस्थित थे। साथ ही ताइक्कांडो संघ के सदस्य खरिस्तोफर कुल्लू, मनीषा कुमारी, तनीषा कुमारी, पार्वती कुमारी, मंगल मांझी, महेश प्रधान, आकाश किंडो, जगदीश बिंझिया आदि उपस्थित थे। बैठक में संघ के सचिव दयाराम मेहर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य स्तरिय में चयनित खिलाड़ियों के लिए हैदराबाद में आयोजित 5वां राष्ट्रीय कैडेट ताइक्कांडो चैम्पियनसिप जो 24 से 26 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाली है, जिसमें भाग ले रही सिमडेगा की खिलाड़ियों को आने जाने के बारे विस्तार से बताया साथ ही खिलाड़ी कैसे शानदार प्रदर्शन कर जिला एवं राज्य का नाम रोशन कर सकतें हैं सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक रणनीति बनाया गया। संघ के सह सचिव पप्पू कुमार ने कहा कि हाल ही में सिमडेगा के खिलाड़ी देवघर में आयोजित राज्य स्तर की ट्रायल गेम में भाग लेकर चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा खेल में अच्छा प्रर्दशन कर जिल एवं राज्य का नाम रोशन किये हैं साथ ही आगे भी इसी प्रकार से शानदार प्रदर्शन करतें रहें इस पर भी विचार रखा । संघ के कोषाध्यक्ष गोविन्द प्रधान ने कहा कि ऐसे अनेकों खिलाड़ी हैं जो खेल में काफी अच्छा प्रर्दशन कर रहें हैं लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसी को देखते हुवे जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर सहयोग की मांग करेंगे ताकि बच्चें नेशनल खेल में भाग ले सकें और सिमडेगा जिला का और ज्यादा नाम रोशन पूरे देश में कर सकें।

## केंद्रीय टीम ने जनजातीय समाज के लोगों का संपूर्ण विकास को लेकर किया स्थल निरीक्षण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड राज्य के कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) से संबंधित विकास कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि की सुविधा से संबंधित गहन अध्ययन निमित्त गठित तीन सदस्य केंद्रीय टीम द्वारा आज दिनांक 13.02.2023 को किस्को प्रखंड के सेमरडीह में कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) मुलाकात की गई। सेमरडीह के बिरहोर टोली में केंद्रीय टीम की ओर से उप सचिव एवं संयोजक मनोज कुमार सिंह और एनएसटीएफडीसी के एजीएम रवि कांत तालतिया द्वारा बिरहोर समुदाय के लोगों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं, बिजली की स्थिति, पेयजल की सुविधा, आयुष्मान कार्ड, वनाधिकार पट्टा, पीवीटीजी डाकिया योजना में मिलने वाला खाद्यान्न, स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा, प्राथमिक विद्यालय की सुविधा, प्रखंड कार्यालय तक पहुंचने के साधन, टोले में मृत्यु दर, खेती किसानी, कुपोषण की स्थिति, वनोत्पाद आदि की जानकारी ली गयी। साथ ही रोजगार की स्थिति, पेंशन, मोबाइल नेटवर्क की सुविधा, हेल्थ कैम्प आदि की जानकारी प्राप्त की गई। केंद्रीय टीम द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेमरडीह, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह और प्रधानमंत्री वन धन योजना अंतर्गत वन धन केन्द्र सलैया का निरीक्षण किया गया। जनजातीय कार्य मंत्रालय के उप निदेशक सुमंता चक्रवर्ती द्वारा डूमरपाठ में पीवीटीजी) से संबंधित विकास कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि की सुविधा से संबंधित निरीक्षण किया गया।

## पशुपालन विभाग ने शिविर आयोजित कर पशुपालकों के बीच दवा का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** मुर्की तोड़ार पंचायत भवन प्रांगण में शिविर का आयोजन कर 48 पशुपालक के बीच दवा का वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में पशुपालन विभाग सेन्हा के सौजन्य से शिविर का आयोजन कर 48 पशुपालक के बीच निशुल्क दवा का वितरण किया गया। दवा वितरण के उपरांत पशुपालकों को मवेशी के रख रखाव एवं समय पर पोष्टिक आहार देने पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर मनोज कुमार ने कहा कि जानकारी के अभाव में मवेशियों में उतपन होने वाली बीमारी से अनभिग्य होते है जिसके कारण पशु का बीमारी बढ़ जाता है। साथ ही उन्होंने कहा पशुपालन विभाग क्षेत्र में समय समय पर शिविर आयोजन कर पशुपालक को बीमारी की जानकारी एवं दवा वितरण कार्यक्रम चलाया जाता है। इसके माध्यम से पशुओं में उतपन होने वाली बीमारी जैसे मुर्गी में रानी खेत बीमारी की जानकारी विस्तार पूर्वक देते हुए दवा वितरण किया। वहीं एफ एम डी वैक्सीन तथा किर्मी, विटामिन लिभर टॉनिक भूख का दवा चरम रोग, थनैल रोग सहित अन्य बीमारियों से बचाव हेतु दावा का वितरण किया हुआ। आयोजित शिविर में शशि कुमार महतो, शंकर महली, बाबू साहेब सिंह पंचायत सचिव महिपाल उराँव सहित पशुपालक मौजूद थे।

## उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक में सुखाड़ में प्रभावित 2,870 किसानों एवं 70 भूमिहीन किसानों की स्वीकृति, सड़क दुर्घटना से मृत 03 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा की स्वीकृति, वज्रपात से मृत 09 पशु मालिको को मुआवजा की स्वीकृति, कोविड-19 संक्रमण से 12 मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान, अतिवृष्टि से मकान क्षति के 27 लाभुको को मुआवजा भुगतान, सर्पदंश से 01 मृत व्यक्ति के आश्रितों को मुआवजा भुगतान, तालाब में डूबने से 01 मृत व्यक्ति के आश्रित को मुआवजा, भुगतान की स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर पर्षद अध्यक्ष अनुपमा भगत, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबधन पदाधिकारी, डॉ डी एन सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोहरदगा सदर थाना में उर्स व महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सोमवार को लोहरदगा सदर थाना में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में उर्स एवं महाशिवरात्रि पूजा को लेकर बैठक की गई। बैठक में विधि व्यवस्था बनाएं रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से त्यौहार के दौरान जिला में आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने, शांति व्यवस्था बनाएं रखने आदि बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि विगत त्यौहारों के दौरान सभी समुदाय द्वारा आपसी भाईचारे एवं श्रद्धा का अच्छा उदाहरण पेश किया गया। उन्होंने कहा उर्स एवं महाशिवरात्रि पूजा के दौरान जिला में विधि व्यवस्था बनाएं रखने हेतु जिला प्रशासन को सहयोग करें। अनुमंडल पदाधिकारी ने जिलावासियों को उर्स एवं महाशिवरात्रि पूजा को श्रद्धा एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार प्रत्येक समाज द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं बिना लोहरदगा जिला का इतिहास रहा है। आपसी भाईचारे एवं सम्मान के साथ पर्व मनाना, उसे बनाएं रखें। उन्होंने कहा असामाजिक तत्वों एवं मनचले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर भ्रामक पोस्ट शेयर न करें।

## पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे हैं वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा थाना पुलिस ने सोमवार को लंबे दिनों से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे सोरंदा गांव निवासी अलीम अंसारी के पुत्र जमशेद अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि न्यायालय से चेक बाउंस के मामले में भंडरा थाना क्षेत्र के सोरंदा गांव निवासी जमशेद अंसारी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट निर्गत किया गया था। जिसे गुप्त सूचना पर वारंटी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जमशेद अंसारी के विरुद्ध 2019 में चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया गया था।

# वाणिज्यिक विवादों को सुलझाने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा आज सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभाकक्ष में डालसा के पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थों एवं लोहरदगा बार के इच्छुक अधिवक्ताओं के बीच वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 के विभिन्न पहलुओं को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 40 से अधिक अधिवक्ताओं, मध्यस्थों एवं स्पेशल अपीलीय वाणिज्यक न्यायाधीश के बीच सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनील कुमार साहू ने बतौर प्रशिक्षक प्रतिभागियों के बीच वाणिज्यिक विवादों को तीव्र गति से निपटाने के लिए अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अन्य सिविल वादों की तरह वाणिज्यिक वाद को नहीं लिया जाना चाहिए अन्यथा तकनीकी आधार पर सूट डिसमिश किया जा सकता है। प्रशिक्षित मध्यस्थ सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राजेश कुमार ने कहा कि किसी भी वाणिज्यिक विवाद को वाणिज्य न्यायालय में ले जाने के पूर्व इसे मध्यस्थता के द्वारा सुलझाने के प्रयास करने होंगे धारा 12-अ इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया का उल्लेख करती है। वाणिज्यिक विवाद को न्यायालय तभी पंजीकृत करेगी जब मध्यस्थ द्वारा इसे सुलझाने का प्रयास कर लिया गया हो और उसमें सफलता नहीं मिल पाई हो। इससे पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बादुर पाल, अपीलीय वाणिज्यिक न्यायाधीश अरविंद कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार साहू, बार के अध्यक्ष पीके पुजारी, सचिव दीपक लाल सहदेव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उद्घाटन संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने कहा कि समय-समय पर नये-नये कानून बनते रहते हैं जिनका लाभ नागरिक को तभी मिल सकता है जब व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता उन कानूनों की बारीक जानकारी रखें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के इस कार्य की प्रशंसा बार के अध्यक्ष ने की।

## ललित नारायण स्टेडियम में मातृ-पितृ पूजन दिवस आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में 14 फरवरी को स्वराज मेरा अधिकार, विश्व हिंदू एकता मंच, श्री योगवेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ, के तत्वावधान में दिन के 3 बजे मातृ देवो भवः पितृ देवो भवः के आदर्श की संस्कृति की पुनः स्थापना हेतु, बच्चो के चरित्र निर्माण और माता पिता के वास्तविक प्रेम को प्रगट करने हेतु एवं पाश्चात्य कुसंस्कृति से रक्षार्थ ये पवित्र मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन होगा। उक्त जानकारी विश्व एकता मंच के राष्ट्रीय मंत्री रवि कुमार ने देते हुए कहा कि कार्यक्रम में नगर वाशी अपने बच्चो के साथ सहभागी होकर अपने बच्चो के उज्वल भविष्य एवं चरित्र के निर्माण में सहयोगी बनें तथा पृथ्वी के साक्षात देव माता पिता के पूजन का यह परम अवसर का सपरिवार लाभ ले।

चेंबर ऑफ कॉमर्स ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन कहा,

# 15 फरवरी से जिले के सभी खाद्य व्यापारी करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2022 के विरोध में 15 फरवरी 2023 से झारखण्ड में खाद्य वस्तुओं की आवक-जावक एवं कृषि मंडी की थोक दुकानें अनिश्चितकालीन के लिए बंद करने को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार के नेतृत्व में उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में कहा गया कि झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2022 को झारखण्ड में प्रभावी किये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने के विरोध में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज (FJCCI) के नेतृत्व में दिनांक 8 फरवरी 2023 को सभी जिलों के कृषि उपज (खाद्य पदार्थ), वन उपज, सभी जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स, खाद्यान्न व्यवसायी संघ, राइस मिलर्स, फ्लावर मिलर्स, मजदूर यूनियन संघ एवं कृषक संगठनों की संपन्न राज्यस्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 15 फरवरी 2023 से झारखण्ड में खाद्य वस्तुओं की आवक-जावक के साथ ही राज्य में अवस्थित खाद्यान्न के सभी थोक कृषि मंडियां अनिश्चितकालीन तक बंद किये जाने का निर्णय लिया गया है। राइस मिल्स एवं फ्लावर मिल्स में भी उक्त कार्यदिवस से प्रोडक्शन और सेल पूर्णतया बंद कर दिया जायेगा। महोदय, हम भलिभांति अवगत हैं कि इस निर्णय से राज्य में खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी जिससे निकट भविष्य में उपभोक्ताओं को कठिनाई भी अवश्य होगी। किंतु इस विधेयक के प्रभावी होने से राज्य में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मूल्यवृद्धि के साथ ही इंस्पेक्टर राज को प्रोत्साहन मिलने की प्रबल आशंका को देखते हुए तथा उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने के लिए उक्त निर्णय लेना हमारी विवशता है। FJCCI के इस निर्णय में फल एवं सब्जी के थोक विक्रेता भी शामिल हैं। साथ ही लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार, पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल, उपाध्यक्ष धनंजय कांस्यकार, कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल, सदस्य भोला अग्रवाल, गुंजन गोयल, लवकुश अग्रवाल इत्यादि ने लोहरदगा प्रखंड के खद्यान व्यापारियों से सम्पर्क कर 15 फरवरी से होनेवाली अनिश्चितकालीन बन्दी का समर्थन मांगा। जिसमे सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखने हेतु सहमति दिया।

## चलते चलते एक नजर

### नर्स और महिला रिपोर्टर के बीच हुई मारपीट

**रांची।** सदर अस्पताल में नर्स और महिला रिपोर्टर के बीच मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ है। इतना ही नहीं कुछ देर के लिए सदर अस्पताल की नर्सों ने काम भी बंद कर दिया था । नर्स ने सदर अस्पताल उपाधीक्षक को पत्र के माध्यम से यह मांग की है कि सदर अस्पताल में सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था कराई जाए,तभी वह काम पर लौटेंगी, लेकिन कुछ देर बाद फिर सेवा में लौट आयी। एक नर्स स्टाफ का कहना है कि सदर अस्पताल के चौथे तल्ले में मरीजों की भीड़ थी, तभी एक महिला मरीज के पति से बहस शुरू हो गई, किसी बात को लेकर उस व्यक्ति ने महिला पत्रकारों को सूचना दी और महिला रिपोर्टर वहां पर आई और फिर नर्स और महिला रिपोर्टर के बीच बहस होते होते मारपीट की नौबत आ गई। मामला लोअर बाजार थाना भी पहुंचा खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों की तरफ से किसी पर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई थी। हालांकि इस संबंध में सिविल सर्जन विनोद कुमार ने बताया कि किसी बात को लेकर नर्स और एक लड़की के बीच मारपीट की शिकायत आई है , बताया जा रहा है कि वह महिला मीडिया कर्मी है । हालांकि किसी तरह का कोई कार्य बाधित ना हो यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी, ताकि मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। डीएसपी दीपक ने कहा कि मारपीट की खबर मिली है,लोअर बाजार थाना प्रभारी को इस मामले में देखने को कहा गया है।

### सांसद ने लोकसभा में उठाया कटाव का मामला

**मेदिनीनगर :** सोन नद से देवरीखुर्द, दंगवार से बडेपुर, बुधुवा एवं आसपास का इलाका पलामू जिला हुसैनाबाद अनुमंडल के अंतर्गत पड़ता है जहाँ जबरदस्त कटाव हो रहा है। इस कटाव से पूर्व में ही कई गांव नदी की गोद में विलीन हो चुके हैं, अभी भी कई गांवों एवं किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन पर कटाव का खतरा मंडरा रहा है। सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम ने आज लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सोन नद से हो रहे कटाव से संबंधित यह अति महत्वपूर्ण मामला उठाया। उन्होंने आगे सरकार से अनुरोध किया की सोन नद के कटाव से हो रहे जान-माल की क्षति को रोकने के लिए संबंधित मंत्रालय द्वारा कारगर कदम उठाया जाय ताकि जनता राहत की सांस ले सके।

### विधायक इंद्रजीत के बेटे की मौत से उठ रहे हैं कई सवाल

**रांची।** धनबाद जिला के सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो के जवान बेटे की मौत ने सबको चौंका दिया। बेटा मूरी में अपने एक करीबी के यहां आया हुआ था। अचानक उसकी तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ गई। उसने अपने करीबी को जो कुछ बताया उससे हाय-तौबा मच गई। आनन-फानन में उसे सिल्ली के एक अस्पताल में ले जाया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे सिल्ली से रांची के मेडिका अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां कुछ घंटे के इलाज के बाद सोमवार को उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विवेक कुमार महतो जहर से पीड़ित था। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उसके डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया गया है। उसका घर झरिया के बलियापुर में है।विवेक कुमार महतो दिल्ली में रहकर जेट की तैयारी कर रहा था। उसके पिता धनबाद सिंदरी के विधायक है। बीते दो सालों से बीमार चल रहे हैं। जिससे बेटा परेशान रहता था। उनका इलाज हैदराबाद में चल रहा है। विधायक इंद्रजीत महतो के तीन बच्चे हैं। इनमें दो बेटे और एक बेटी है। कैसे, क्या हो गया।

# सीएम हेमंत सोरेन जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे लातेहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हमारी सरकार राज्य के प्रति समर्पित और संकल्पित है। राज्य को विकास की दहलीज पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कड़ी में सरकार द्वारा संचालित विकास और कल्याणकारी योजनाएं हकीकत में ÷आकार÷ ले रही हैं या नहीं। इसे देखने के लिए जिलों का भ्रमण कर रहा हूं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत लातेहार आगमन पर अपनी प्रतिबद्धता और प्राथमिकताओं से अवगत कराया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का यहां आगमन पर लोगों ने पूरे गर्मजोशी और जोरदार तरीके से स्वागत किया।स्कूल ऑफ एक्सीलेंस से सरकारी विद्यालयों की बनेगी अलग पहचान। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई की क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होगा। बच्चों को अब निजी विद्यालयों से भी बेहतर पढ़ाई की सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्ट विद्यालय) को इसी सोच के साथ खोला जा रहा है । मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के नवनिर्मित शैक्षणिक भवन का निरीक्षण कर रहे थे । उन्होंने यहां आईसीटी लैब, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी, क्लास रूम, ऑडिटोरियम और टीचर्स रूम समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने बच्चे और बच्चियों के बीच पाठ्य- पुस्तक



सामग्रियों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय में नए सेशन से पढ़ाई शुरू हो जाएगी । यहां अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई होगी और ये सीबीएसई से एफिलिएटिड होंगे।

**बालक छात्रावास का किया निरीक्षण :** मुख्यमंत्री ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं और बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं की जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने यहां हो रही कुछ कठिनाइयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावासों की रूपरेखा बदली जा रही है। भवनों की मरम्मत का काम शुरू हो चुका है । यहां आपको खाना बनाने की जरूरत नहीं होगी। रसोईया की सुविधा के साथ सुरक्षा के लिए चौकीदार भी तैनात रहेंगे । यहां अनाज की व्यवस्था सरकार के द्वारा की जाएगी। आपको सिर्फ पढ़ना है, बाकी आपकी सभी जरूरतों को सरकार पूरा करेगी ।

**लोगों की सुनी समस्याएं, यथोचित निराकरण का दिया भरोसा:** परिसदन में मुख्यमंत्री का बड़ी संख्या में लोगों ने स्वागत किया । इस मौके पर मुख्यमंत्री एक-एक कर लोगों से मिले और उनके अभिवादन को स्वीकार किया । इस दौरान लोगों ने अपनी परेशानियों और समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील सरकार है । हर व्यक्ति की समस्या का निराकरण करना हमारा दायित्व है। आपकी जो भी समस्याएं हैं, उनका शीघ्र और यथोचित निराकरण हो, इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**इनकी रही उपस्थिति:** मुख्यमंत्री के काफिले में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक वैद्यनाथ राम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और लातेहार जिला के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू को मिला प्रथम पुरस्कार



### मासूम के कलाकारों ने झटके कुल 9 पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू की चर्चित नाट्य संस्था मासूम आर्ट ग्रुप को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला है. यह प्रतियोगिता कला संगम द्वारा 10 से 12 फरवरी तक गिरिडीह में किया गया था. प्रतियोगिता में मासूम आर्ट ग्रुप को उनके द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट के लिए प्रथम पुरस्कार मिला, द्वितीय स्थान पर दिल्ली, तृतीय स्थान पर भोपाल व चौथे स्थान पर कोलकाता की टीम रही. मासूम के कलाकारों ने इस प्रतियोगिता में निजी वर्ग में भी आठ अन्य पुरस्कार अपने नाम किए. मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया की अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में मासूम द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट को प्रथम पुरस्कार मिलने के साथ साथ इस नाटक के निर्देशन के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट डायरेक्टर का द्वितीय पुरस्कार मिला. इस नाटक में राजा के चरित्र में अभिनय के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट एक्टर का तृतीय व बहु की चरित्र में अभिनय करने के लिए मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस का तृतीय पुरस्कार मिला. परिमल भट्टाचार्य को बेस्ट केरेक्टर आर्टिस्ट का प्रथम, कामरूप सिन्हा को बेस्ट विलेन का तृतीय, कनक लता तिर्की को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सांत्वना, राजा सिन्हा को बेस्ट म्यूजिक का प्रथम, संजीत प्रजापति को बेस्ट स्टेज क्राफ्ट का द्वितीय पुरस्कार मिला. इस नाटक में अमर कुमार भांजा, अविनाश तिवारी, आसिफ खान, राज प्रतीक पाल, सतीश ठाकुर, गिरिंद्र यादव आदि ने अभिनय किया.

## डॉ इरफान अंसारी के प्रयास से बीमार बच्चे की जान बचाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी के अथक प्रयास से देवलबाड़ी के मंझलाडीह निवासी अशोक महतो के बच्चे की जान बच गई। बच्चे के दिमाग में पानी भर गया था और डॉक्टर ने हाथ खड़े कर दिए थे। परिवार वालों ने पूरी तरह से आश खो दी थी और अपने इकलौते बच्चे के लिए रो-रो कर बुरा हाल था। इसी बीच विधायक इरफान अंसारी ने जब मामले को सुना तो वह फॉरेन परिवार वालों से मिलने उनके गांव पहुंचे और सारा मेडिकल हिस्ट्री देखा और पड़ा। मौके पर विधायक ने रांची के



स्पेशलिस्ट न्यूरोलॉजिस्ट से बात कर बच्चे के इलाज का सारा लाइनअप कर रांची भेजा और इलाज का समुचित व्यवस्था कराया। विधायक ने डॉक्टर से बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया और इलाज का सारा खर्च उठाया। बच्चे का सफल पूर्वक ऑपरेशन कराया गया और आज बच्चा सकुशल परिवार वालों के साथ था।

